आश्विन शुक्ल पक्ष-12, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 111 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

14 अक्टूबर 2024 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


आज का मौसम

31 अधिकतम

24 न्यूनतम



Page- 7

## विजयपुर में रावत और बुधनी में साधारण कार्यकर्ता को चुनाव लड़ाएगी भाजपा

# अपनों के चुभते बयानों के तनाव के बीच भाजपा की चुनावी तैयारियां

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में मानसून की विदाई के साथ ही चुनाव बादल छाने लगे हैं। माना जा रहा है कि कुछ ही दिनों के भीतर बुधनी और विजयपुर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला है। लिहाजा सत्तारूढ भाजपा को विजयपुर सीट की चिंता है क्योंकि यहां कांग्रेस से बागवत करके आए रामनिवास रावत अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लडेंगे। इस बीच भाजपा विधायकों के बिगड़ते बोल से भी संगठन हतप्रभ है और आज ऐसे तीन विधायकों प्रदीप पटेल, ब्रजबिहारी पटैरिया और प्रदीप लारिया को भोपाल बुलाया गया है जिनकी वजह से भाजपा को बैकफुट पर आना पडा। जानकारों के कहना है कि सीएम यादव व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा इन्हें वन-टू-वन चर्चा करके साफ समझाइश देंगे और सारे मामले पार्टी फोरम में रखने की हिदायत दी जा रही है। तीनों विधायकों ने कानून व्यवस्था व नशे के कारोबार को लेकर न सिर्फ नाराजगी सार्वजनिक रूप से जाहिर की बल्कि पटैरिया ने तो इस्तीफा तक देने की बात कह दी थी। इनके परोक्ष या अपरोक्ष समर्थन में कुछ सीनियर विधायकों के कूद पडने से भी भाजपा को खासी दिक्कत हो रही है।









### मोहन-वीडी संग समिति ने किया मंथन

इस बीच आज भाजपा की चुनाव समिति की बैठक में दोनों सीटों के उम्मीदवारों और अन्य परिदृश्य पर 'औपचारिक' चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव, अध्यक्ष वीडी शर्मा और हितानंद व कैलाश विजयवर्गीय मौजूद थे। हालांकि दोनों ही सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान केंद्रीय समिति की मुहर के बाद होगा। चूंकि रावत भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं लिहाजा उनकी टिकट तो पक्की मानी जा रही है लेकिन बुधनी सीट पर उम्मीदवारी का फैसला पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सहमति के बाद ही होगा। जानकारों का कहना है कि इस सीट पर भाजपा किसी साधारण कार्यकर्ता को चुनाव मैदान में उतारना चाहती है। दोनों सीटों पर नामों का पैनल बनाकर शाम तक पार्टी हाईकमान को भेज दिया जाएगा।

### कांग्रेस नेताओं ने दोनों चुनावी क्षेत्रों में डेरा डाला



दूसरी तरफ कांग्रेस ने बुधनी और विजयपुर सीट पर उपचुनाव के लिए आंतरिक स्तर पर तैयारियां चला रखी हैं। बुधनी और विजयपुर में कांग्रेस के नेता आज और कल डेरा डाल रहे हैं। उपचुनाव के लिए बनी समिति के सदस्य दो दिन बुधनी और विजयपुर का दौरा करके हालतों की रिपोर्ट देंगे। एआईसीसी ने प्रत्याशी चयन के लिए समितियों का गठन भी किया है। बुधनी विधानसभा उपचुनाव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल को प्रत्याशी चयन की जिम्मेदारी सौंपी है। विजयपुर उपचुनाव के लिए बनायी गई समिति के सदस्य राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, पूर्व मंत्री लाखनसिंह यादव और नीटू सिकरवार है।

### इधर.. चुनाव पूर्व सरकार ने चुनाव क्षेत्र में बदले एसपी

इधर बीती देर रात मप्र सरकार ने छुट्टी होने के बावजूद देर रात तीन जिलों के एसपी समेत चार आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया। इनमें विदिशा एसपी दीपक कुमार शुक्ला, टीकमगढ़ एसपी रोहित कासवानी, सीहोर एसपी मयंक अवस्थी और आईपीएस मनोहर सिंह का तबादला किया है। दीपक कुमार को सीहोर एसपी बनाया गया है। रोहित काशवानी को विदिशा व अब तक सीहोर के पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिसमुख्यालय और सेनानी 29वीं वाहिनी दतिया में पदस्थ मनोहर सिंह को जिला टीकमगढ़ भेजा गया है।


### उधर.. 5 टोल नाके आधी रात से हो जाएंगे फ्री





विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की शिंदे कैबिनेट की एक्शन में है। सरकार ने मुंबई में एंट्री करने वाले सभी पांच टोल बूथों पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क को पूरी तरह से माफ करने की घोषणा कर दी है। यह नियम आज रात 12 बजे से लागू हो जाएगा।इस घोषणा के बाद छोटे वाहन चाल सभी पांच टोल बूथों पर कोई टोल नहीं देना होगा. मुंबई में एंट्री प्वॉइंट्स के ये पांच टोल बूथ हैं- दहिसर, आनंद नगर टोल, वैशाली, मुलुंड और ऐरोली क्रीक ब्रिज।


## सेंसेक्स ने लगाई 500 अंक की छलांग, शेयरों में तूफानी तेजी



**मुंबई , एजेंसी।**

शेयर बाजार इस कारोबारी सप्ताह के पहले जबर्दस्त तेजी से कारोबार शुरू हु। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स अपने पिछले बंद से करीब 200 अंक की उछाल के साथ ओपन हुआ और कुछ ही देर में 500 अंक से ज्यादा चढ़ गया। दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने भी जोरदार शुरुआत की और 180 अंक से ज्यादा भागा। मार्केट में तेजी के बीच एचडीएफसी बैंक समेत अन्य स्टॉक में तूफानी तेजी आई। सेंसेक्स आज अपने शुक्रवार को 81,381.26 के लेवल की तुलना में 81,576.93 के लेवल पर ओपन हुआ था। फिर इसमें तेजी और बढ़ती गई और यह 81,919.50 के लेवल पर कारोबार करने लगा। निफ्टी भी 25 हजार के पार खुला।

## शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले से 13 लोगों की मौत



**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरत शरणार्थी शिविर में विस्थापित लोगों के आवास वाले एक विद्यालय पर इजरायली हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।एक चिकित्सा स्रोत ने यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि पट्टी में नुसेरत शिविर में विस्थापित लोगों के आवास वाले एक विद्यालय पर इजरायल ने टैंक से हमले किया। उल्लेखनीय है कि हमास ने गत वर्ष सात अक्टूबर इज़रायल की सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दाकर हमला किया था, जिसमें लगभर लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। इस दौरान हमास के लड़ाकों ने 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इज़रायल रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्सज शुरू किया

## रांची में ईडी ने मंत्री के भाई व सचिव पर मारे छापे





**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने आज झारखंड की राजधानी रांची में करीब 20 जगहों पर एक साथ छापेमारी की है। यह छापेमारी जल जीवन मिशन से जुड़ी योजनाओं में अनियमितता से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ईडी की ये छापेमारी मंत्री मिथलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, निजी सचिव हरेंद्र सिंह समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां हो रही है। एक सीनियर आईएएस की बहन के हरिहर रोड स्थित आवास पर भी छापेमारी चल रही है। पिछले दिनों हजारीबाग में जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने भी इस मसले को उठाया था। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया था कि केंद्र की योजना में भी घोटाला किया जा रहा है।

## 24 घंटे में विश्नोई का नेटवर्क खत्म कर दूंगा: पप्पू यादव

**मुंबई , एजेंसी।**

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और तीन बार के विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्ष शिंदे सरकार पर हमलावर है। इस बीच बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी है। यादव ने कहा है अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा।



पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने पर लिखी अपनी पोस्ट में विवादित शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लिखा कि एक अपराधी जेल में बैठकर चुनौती दे रहा है, लोगों को मार रहा है, लेकिन सभी मूकदर्शक बने हुए हैं. पप्पू यादव ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने कभी मूसेवाला को मरवा दिया, कभी करणी सेना के मुखिया को मरवाया और अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला वह दो टके का अपराधी है। उन्होंने इसी पोस्ट में गैंगस्टर को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कानून इजाजत दे तो 24 घंटे में इस लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी को पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा।

## विमानों के रूट डायवर्ट, तलाशी में कुछ नहीं मिला

# तीन विमान व एक ट्रेन में बम...हड़कंप

**मुंबई, एजेंसी।**

आज तीन फ्लाइट व एक मेल ट्रेन में बम रखने की सूचना से हडकंपकी स्तिथि रही। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की थी। लिहाजा सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल पर खड़ा है। विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। जबकि तीसरी फ्लाइट इंडिगो की मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। इन दोनों विमानों को भी आइसोलेशन में रखकर जांच की जा रही है।बीती 9 अक्टूबर को भी लंदन से दिल्ली के लिए उड़ी फ्लाइट में बम की सूचना थी।





### पंजाब मेल को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

**मुंबई।** मुंबई हावड़ा मेल में ब्लास्ट की धमकी से आज सुबह हडकंप की स्थिति रही। धमकी के बाद जांच एजेंसियां अलर्ट मोड में रहीं। उन्होंने पूरी ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया। धमाके की धमकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी गई थी। सोशल मीडिया पोस्ट में टाइमर के जरिए नासिक के बाद धमाके की धमकी दी गई थी। 'एक्स' पोस्ट में महाराष्ट्र पुलिस के लिए अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया गया। बम धमाके की घटना के बाद मुंबई हावड़ा मेल को सोमवार सुबह चार बजे जलगांव में रोकर तलाशी ली गई। करीब दो घंटे सघन जांच के बाद सुरक्षाकर्मियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जिसके बाद कहा गया कि बम मिलने की धमकी मात्र अफवाह साबित हुई। यह धमकी फजलुद्दीन नाम से दी गई।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी से लेकर फायरिंग तक, तनाव फैला

**बहराइच , एजेंसी।**



बहराइच जिले के महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में बीती रात मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे पर बज रहे गाने को लेकर विवाद हो गया। गाने के विरोध में दूसरे समुदाय के युवकों ने गाली-गलौज की और छत से पत्थरबाजी कर दी। बताया जाता है कि पत्थर चलने से मां दुर्गा की प्रतिमा खंडित हो गई। जिससे दूसरे समुदाय ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि प्रदर्शन दौरान दूसरे समुदाय के लोग एक युवक को घर के अंदर पकड़ ले गए और गोली मार दी। जिससे रेहुवा मंसूर निवासी रामगोपाल मिश्रा(24) की मौत हो गई। वहीं उसे बचाने पहुंचा राजन(28) भी गंभीर रुप से घायल हो गए। यही नहीं लगभग एक दर्जन अन्य लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। स्थिति को काबू में करने के लिए मौके पर छह थानों की पुलिस व पीएसी तैनात है। एसपी वृंदा शुक्ला समेत अन्य आला अधिकारी महराजगंज में कैंप कर रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

### अब कहलाएंगे जाम साहब, संपत्ति में विराट कोहली से आगे निकले

# पुल शॉट..रातोंरात बदल गई जडेजा की किस्मत!

**मुंबई , एजेंसी।**

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा के मैदान पर मस्त अंदाज व धुआंधार बैटिंग को लोग भूले नही है। कई बार उन्होंने एक झटके में मैचों का रुख बदला है, अब एक पारिवारिक फैसले ने उनकी संपत्ति का ब्योरा बदल डाला है। दरअसल, शुक्रवार 11 अक्टूबर का दिन जडेजा के लिए बेहद खास रहा। क्योंकि इस दिन जामनगर के शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले शत्रुशाल्यसिंह महाराज ने उन्हें शाही परिवार का अगला उत्तराधिकारी घोषित किया। जिसके बाद लोग लगातार उनके बारे में चर्चा कर रहे हैं. यही नहीं लोग यह भी जानने को बेहद उत्सुक हैं कि जामनगर का उत्तराधिकारी बनने के बाद वह कितनी संपत्ति के मालिक बन गए है।



वनइंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली की मौजूदा नेटवर्थ कुल 1000 करोड़ रुपये है। वहीं जामनगर के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद अजय जडेजा की नेटवर्थ 1455 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। अब सवाल यह उठता है कि जडेजा के पास इतनी संपत्ति आई कहां से? इसका जवाब है उनकी पैतृक संपत्ति। दरअसल अजय जडेजा, केएस रणजीत सिंहजी और केएस दुलीपसिंहजी के वंश से ताल्लुक रखते हैं।

### विवाद में उलझे तो करियर और गर्लफ्रेंड भी गई

अजय जडेजा के करियर में एक दौर ऐसा आया जब उनका करियर एक झटके में तबाह हो गया. दरअसल, साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान हैंसी क्रोनी ने मैच हारने के लिए पैसे लेने की बात स्वीकार की थी। इसमे जडेजा, अजरुद्दीन सहित एक और खिलाड़ी का नाम सामने आया. जिसके बाद उन्हें 5 साल के लिए बैन कर दिया। उनकी गर्लफ्रेंड व अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने भी दूरी बना ली। कुछ समय बाद बैन तो हट गया गया लेकिन तब तक कैरियर और गर्लफ्रेंड दोनों जडेजा के हाथ से निकल चुकी थी अब वे लगभग पचास वर्ष के हैं।

### आईपीएल से भी कमाते हैं पैसे

अजय जडेजा आईपीएल में अपने आवाज से भी समां बांधते हैं. जिसके लिए उन्हें एक मोटी रकम प्राप्त होती है. रिपोर्ट के मुताबिक एक आईपीएल सीजन में वह कमेंट्री से करीब 2 से 3 करोड़ रुपये कमाते हैं। बात करें अजय जडेजा के क्रिकेट करियर के बारे में तो वह भारतीय टीम की तरफ से कुल 15 टेस्ट और 196 वनडे मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से टेस्ट की 24 पारियों में 26.18 की औसत से 576 रन निकले।वहीं वनडे की 179 पारियों में 37.47 की औसत से 5359 रन बनाने में कामयाब रहे. जडेजा के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 6 शतक और 34 अर्धशतक दर्ज है।

# भोज विवि में डीएलएड के लिए पंजीयन 24 तक



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में डीएलएड के दो वर्षीय पाठ्यक्रम 2024-26 के लिए भी पंजीयन शुरू हो चुके हैं। इसके लिए अर्हता 12वीं में 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए। किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त प्राथमिक स्कूल में अध्ययन का अनुभव और वर्तमान में नियमित शिक्षक के रूप में कार्यरत होना अनिवार्य है। इस पाठ्यक्रम की फीस 19,200 रुपये है। इसमें प्रवेश के लिए परीक्षा भी 24 अक्टूबर को ही होगी।

### इग्नू में परीक्षा आवेदन कल तक

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसंबर सत्र के सत्रांत परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन शुरू हो गए हैं। सामान्य शुल्क के साथ 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। इसके बाद विलंब शुल्क भी लगेगा। दिसंबर 2024 की सत्रांत परीक्षाएं दो दिसंबर से शुरू हो सकती हैं। सत्रांत परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म (प्रोजेक्ट सबमिशन और प्रैक्टिकल परीक्षा) जमा करने के लिए ऑनलाइन लिंक समय-सारणी और आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ ओपन किया गया है।



राजधानी में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जारी है। चित्रः खटलापुरा घाट पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन का।

### मुख्य मार्ग पर आकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट तलाशने की जरूरत नहीं, कनेक्टिविटी का रास्ता साफ

# मेट्रो प्रोजेक्टः स्काईवॉक कंस्ट्रक्शन का काम अब जल्द होगा शुरू

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

**मेट्रो कंपनी अगले महीने से इसके लिए स्काईवॉक कंस्ट्रक्शन का काम शुरू कर रही है जिसमें संयुक्त रूप से रेलवे के साथ काम करने वाली निजी कंपनी भी शामिल होगी। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन कॉनकोर्स से उतरकर अब आपको मुख्य मार्ग पर आकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के साधन तलाशने नहीं पड़ेंगे। कॉनकोर्स के ठीक सामने बने मेट्रो रेल स्टेशन को कनेक्टिविटी देने का रास्ता साफ हो गया है।**




रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय पब्लिक ट्रांसपोर्ट से रेलवे और मेट्रो प्रोजेक्ट कनेक्टिविटी की बात कही थी। वहीं रानी कमलापति को मेट्रो प्रोजेक्ट से जोडने़ की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी की थी। मेट्रो कंपनी ने आरकेएमपी के ठीक सामने एलीवेटेड मेट्रो स्टेशन बनाकर तैयार कर लिया है। जल्द ही स्काईवॉक कनेक्टिविटी से इसे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से जोड़ दिया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में आसानी से पहुंच सकेंगे

एम्स से करोंद तक मेट्रो रूट नंबर 2 पर नए एवं पुराने शहर के अनेक इलाके कवर किए जा रहे हैं। रेलवे के यात्री यहां से मेट्रो ट्रेन में बैठकर एम्स, हबीबगंज नाका, प्रगति पेट्रोल पंप, बोर्ड ऑफिस, मैदा मिल, सुभाष नगर, ऐशबाग, पुल बोगदा, भारत टॉकीज, नादरा बस स्टेंड, सिधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी होकर करोंद चौराहा तक पहुंच सकेंगे।

### स्काईवॉक से यात्रियों को फायदा

भोपाल रेल मंडल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में प्रतिदिन 50 किमी लंबी दूरी की ट्रेन हॉल्ट लेती हैं। यहां प्रतिदिन 10 हजार से ज्यादा मुसाफिर प्लेटफार्म नंबर एक से होकर मुख्य मार्ग तक पैदल आते हैं। प्लेटफार्म से होकर लगभग आधा किलोमीटर चलकर मुख्य मार्ग पर आकर ही उन्हें लो फ्लोर बस, टैक्सी और ऑटो रिक्शा मिलता है। स्काईवॉक तैयार हो जाने से भविष्य में यही यात्री एस्केलेटर के माध्यम से कॉनकोर्स होकर चंद कदम की दूरी तय कर सीधे मेट्रो रेल की सवारी कर सकेंगे।

# रियल एस्टेट सेक्टर की विसंगतियों पर सीएस से चर्चा

### मुख्य सचिव से मिला क्रेडाई का प्रतिनिधिमंडल

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मुख्य सचिव अनुराग जैन से क्रेडाई का प्रतिनिधिमंडल मनोज मीक के नेतृत्व में मंत्रालय में मिला।. राज्य के शहरी विकास, रियल स्टेट सेक्टर और विशेषकर राजधानी भोपाल से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की तथा उन्हें ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सौंपा। मुख्य सचिव ने शहरी विकास को राज्य की इकोनॉमी और रोजगार के लिए फ़ोकस एरिया माना। इस चर्चा में रेरा में व्याप्त विसंगतियों, परियोजनाओं में आ रही कठिनाइयों, शहरों के मास्टर प्लान में हो रही देरी, अवैध कॉलोनियों के कारोबार पर लगाम, राजधानी भोपाल की खूबियों की विश्वस्तरीय ब्रांडिंग, प्रापर्टी के बढ़े हुए सर्किल रेट व मध्यप्रदेश में सर्वाधिक स्टाम्प ड्यूटी आदि पर क्रेडाई ने तार्किक संवाद किया।



### प्रेजेंटेशन तैयार करेगा क्रेडाई

मुख्य सचिव ने राजधानी क्षेत्र की प्रभावशाली विशेषताओं पर प्रस्तुत विचारों को आगे बढ़ाने तथा भोपाल की पॉज़ीटिव ब्रांडिंग के लिए क्रेडाई को एक विस्तृत प्रज़ेंटेशन तैयार करने को कहा है. उल्लेखनीय है कि मनोज मीक लम्बे समय से भोपाल की खूबियों को ब्रांड बनाने पर जोर दे रहे हैं ताकि निवेशकों, उद्यमियों और पर्यटन को बढ़ावा देकर राजधानी के ईको सिस्टम को मजबूत बनाया जा सके।

# दिवा फिएस्टा की एनुअल एग्जीबिशन आज से

**हिरदाराम नगर।** भारतीय संस्कृति के लिए करवा चौथ एवं दीपावली ये कुछ ऐसे त्योहार हैं जो खासतौर पर महिलाओं एवं परिवार के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं इन त्योहार के पूर्व महिलाएं एवं परिवार के अन्य सदस्य खरीदारी के लिए अलग-अलग दुकानों पर जाकर समय एवं अधिक कीमत व्यर्थ करते हैं इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए दिवा फिएस्टा के द्वारा 3 सफल एक्सीबिशन के बाद अब 14 एवं 15 अक्टूबर को प्ले होटल इन आरिया हलालपुर बस स्टैंड के पास, लालघाटी के चार हजार स्क्वायर फुट के नवीन और सुसज्जित बैंक्वेट हॉल में फैशन एक्सीबिशन स्टार्ट हो रही है।

# सिंधी पंचायत के अध्यक्ष का पद संभालेंगे चांदवानी माधु कल



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक पंचायत कार्यालय में हुई, जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष भरत आसवानी की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष नंद दादलानी ने अध्यक्षता की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी के निधन के बाद झूलेलाल मंदिर में आयोजित साधारण सभा में लिए गए फैसले के अनुसार पंचायत अध्यक्ष का कार्यभार महासचिव माधू चांदवानी संभालेंगे। महासचिव पद पर कुछ समय के लिए होल्ड किया जाता है, जिसका निर्णय अगली साधारण सभा की बैठक में होगा। बैठक में तय किया गया कि 15 अक्टूबर दोपहर 12 बजे पंचायत कार्यालय में चांदवानी अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। बैठक में महासचिव माधू चांदवानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सहसचिव जेठानंद मंगतानी, सहकोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, आडिटर हरीश मेहरचंदानी उपस्थित थे।

# कायस्थम जनवरी में, प्रतिभाओं का सम्मान

**भोपाल।** कायस्थ समाज को वैचारिक गतिशीलता देने के लिए गठित कायस्थम, मप्र का भव्य शुभारंभ आगामी जनवरी 2025 में होगा। कायस्थम मध्यप्रदेश से जुड़े सदस्यों की बैठक आज राजधानी में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी जनवरी माह में कायस्थम सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कायस्थ समाज की राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इनमें खेल, शिक्षा, संस्कृति, कला, चिकित्सा, समाज सेवा, उद्यम सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त विभूतियों को कायस्थम सम्मान से विभूषित किया जाएगा। बैठक में कायस्थम के गठन को लेकर भी चर्चा हुई तथा समाज के विभिन्न कार्य क्षेत्र को लेकर गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

### नकल रोकने की लिए अब पुख्ता इंतजाम...

# 3 उड़नदस्तों सहित प्रोफेसरों की टीम गठित

### एक परीक्षा नियंत्रण कक्ष तैयार, संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी, अभिलेखों की भी होगी जांच

भोपाल. दोपहर मेट्रो।



बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) ने परीक्षाओं के दौरान सामने आने वाले नकल प्रकरणों को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए अहम फैसले लिए हैं। आगामी परीक्षाओं को लेकर बीयू ने तैयारियां शुरू कर दी है। परीक्षा में नकल रोकने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए इस बार तीन उड़नदस्ते तैयार किए गए हैं। साथ ही प्रोफेसरों की एक टीम गठित की गई है। यह टीम उड़नदस्तों की टीम से अलग परीक्षाओं की आनलाइन निगरानी करेगी। सभी परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। विवि में एक परीक्षा नियंत्रण कक्ष तैयार किया गया है। विवि द्वारा उड़नदस्तों को विशेष तौर पर नकल प्रकरणों के साथ-साथ परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं एवं प्रश्नपत्र के रखरखाव से संबंधित सभी अभिलेखों की जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि यूजी व पीजी की विभिन्न परीक्षाओं में नकल के कई हाईटेक मामले सामने आ रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा मोबाइल ,स्मार्ट वाच, ब्लूटूथ, मोजे में पर्चियां, रूमाल और उत्तरपुस्तिकाओं के पेज में लिखकर भी नकल करना पाया गया है। वहीं, कुछ प्रकरणों में पर्चियों से नकल करते हुए विद्यार्थी पकडे गए।

**मेट्रो एंकर**

### टेम्पल ऑफ सम्बोधि में दुर्गा महोत्सव का समापन

# हमारी भक्ति ही असल में शांति और सुकून देती है : लालसाई

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

दुर्गा महोत्सव के समापन पर दशहरे के दिन वन ट्री हिल्स कॉलोनी स्थित टेम्पल ऑफ संबोधि में विशेष पूजा और आरती का आयोजन किया गया। नवरात्रि का समापन शुक्रवार को हो गया था, लेकिन परंपरा के अनुसार यहां दशहरे के दिन दुर्गा माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर भजन, कीर्तन और आरती के विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें उपनगर के कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### प्रभु स्मरण में देर न करें

इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वेदांत संत एवं विचारक लाल साई महाराज ने प्रभु भक्ति का महत्व समझाया कि जीवन की भाग-दौड़ में हम अक्सर भूल जाते हैं कि मृत्यु अटल है। मृत्यु न तो उम्र देखती है, न ही धन-दौलत, पद-प्रतिष्ठा या शक्ति।



यह एक ऐसी सच्चाई है जो हर प्राणी को किसी भी उम्र में, किसी भी स्थिति में स्पर्श कर सकती है। इसलिए, हमें जीवन के इस अनिश्चित सत्य को समझकर ईश्वर की आराधना को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। कौन जानता है कि उसका अंतिम दिन कब आएगा? कोई नहीं। साईं जी कहते है कि हमारी भक्ति ही हमें असल में शांति और सुकून प्रदान कर सकती है। भक्ति का यह मार्ग हमें उस परमात्मा से जोड़ता है, जो अनंत और अजेय है।।

### भव्य आरती का आयोजन

इस अवसर पर 10 दिवसीय दुर्गा महोत्सव का समापन सत्संग और आरती के साथ हुआ। आरती के भव्य आयोजन में कई प्रतिष्ठित लोग जैसे घनश्याम बूलचंदानी (सचिव, शहीद हेमू कालानी एच्यूकेशनल सोसायटी), बसंत चेलानी (सचिव, संस्कार संस्था), डा. अर्जुनदास मंगतानी, नरेश तोलानी (वरिष्ठ समाजसेवी) सुशील वासवानी ( वरिष्ठ समाजसेवी ) सुरेश जसवानी (सचिव सिंधी सेंट्रल पंचायत), माधु चादंवानी (महासचिव, पूज्य सिंधी पंचायत) और माधवदास पारदासानी (सह-कोषाध्यक्ष) रमेश वाधवानी, हीरो हिन्दू इसरानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी रमेश हिमथानी ने किया।

# दिक्कत : मौसम की खराबी से एक माह में 40 उड़ानें लेट

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मौसम की खराबी के कारण पिछले एक माह से उड़ानें समय से नहीं चल पा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में वर्षा का असर उड़ानों की समय सारिणी पर पड़ रहा है। सितंबर माह में तो उड़ानें एक से 11 घंटे तक देर से पहुंचीं। एक दिन तो रात की उड़ान सुबह पहुंची। यात्रियों को परेशान होना पड़ा। अब मौसम ठीक हो रहा है। ऐसे में हवाई यातायात सामान्य होने की उम्मीद बंधी है।

आमतौर पर अगस्त माह में सबसे अधिक बार उड़ानें निरस्त एवं लेट होती हैं लेकिन इस बार सितंबर माह में सबसे अधिक बार उड़ानें देरी से पहुंची। पिछले एक माह में करीब 40 उड़ानें समय पर भोपाल नहीं पहुंच सकीं। इनमें इंडिगो की दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद एवं रायपुर उड़ान शामिल है। एयर इंडिया की दिल्ली एवं मुंबई उड़ान भी कई बार देर से पहुंची।

### 11 घंटे लेट होने का रिकार्ड बना

इस बार सितंबर माह में रात की उड़ान दूसरे दिन सुबह आने का रिकार्ड भी बना। इंडिगो की मुंबई उड़ान संख्या 6-ई 397 गत 26 सितंबर को 11 घंटे से अधिक विलंब से पहुंची। यह उड़ान आमतौर पर रात्रि 9.15 बजे भोपाल आती है। मुंबई में वर्षा एवं तेज हवाओं के कारण यह उड़ान दूसरे दिन सुबह करीब 8.35 बजे भोपाल पहुंची। कई यात्रियों को यात्रा निरस्त करानी पड़ी थी। अक्टूबर माह में मौसम ठीक हो रहा है इसके बावजूद कुछ उड़ानें डेढ़ घंटे तक विलंब से पहुंच रही हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि भोपाल का मौसम सही होने के बावजूद कई बार उड़ानें विलंब से पहुंचती हैं।


# संडे को मंत्रालय पहुंचे सीएस, मुलाकात के साथ मप्र के विकास पर भी हुई बात

## एसीएस और पीएस समेत कई अफसर भी मंत्रालय में अवकाश के दिन निपटाते रहे कामकाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नए सीएस अनुराग जैन अवकाश के दिन रविवार को भी मंत्रालय पहुंचे। पूरे दिन कामकाज किया। इस बीच कई अधिकारी सीएस से मिलने पहुंचे। सीएस ने सभी विषयों पर बातचीत की। एक अधिकारी को पांच से 10 मिनट दिए। इस दौरान पूछा कि उनके पास उनके विकास से जुड़ा ऐसा क्या खाका है, जो मप्र को विकसित मप्र बनाने की दिशा में नए आयामों पर पहुंचा सके। सूत्रों के मुताबिक कई अधिकारियों को इस बात की पहले से भनक थी कि सीएस मुलाकात के दौरान निश्चित ही विकास के मुद्दों पर भी बात करेंगे। ऐसे अधिकारियों ने अपने विभाग का प्राथमिक रोडमैप बनाकर ले गया था, जो सीएस को दिखाया गया। जिस पर सीएस ने और लंबी चर्चा की और जरुरी सुधारों के संबंध में बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक सीएस का जोर विकसित विकसित मप्र से विकसित भारत की ओर दिखा, जिसके लिए हर स्तर पर मजबूती से और कुशल प्रशासनिक दक्षता के साथ काम करने के विजन पर बात की। सीएस करीब सुबह करीब 9 बजे मंत्रालय पहुंच गए थे। क्रेडाई के प्रतिनिधि मंडल ने सबसे पहले सीएस से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि सीएस अनुराग जैन की नियुक्ति के निर्देश 30 सितंबर को हुए थे। उन्होंने नवरात्र की शुरुआत वाले दिन 3 अक्टूबर को ज्वाइन किया है। पहले ही दिन उन्होंने एसीएस और पीएस की क्लास ली। जिसमें विनम्र तरीके से समझाया कि हमें इस बात में नहीं फंसना है कि हम अधिकारी है तो हमारे ही पास सबसे अधिक जानकारी और दक्षता होगी बल्कि हमें मैदानी स्थिति को भी नजदीक से देखना होगा। दूसरे दिन उन्होंने किसानों से बातचीत की थी। ये दोनों ही कदम उनके चर्चा में रहे थे।



### सीएस की टीम ने बताया था अकेले मुलाकात से काम नहीं चलेगा

सीएस के साथ उनकी टीम भी मंत्रालय में काम करती रही। बताया जाता है कि सीएस से कई अधिकारी मिलना चाहते थे, जिन्हें रविवार का समय देख रखा था। सूत्रों के मुताबिक सीएस की मंशा थी कि अधिकारी अकेले मुलाकात करने के मकसद से न आए बल्कि अपने विभागों के कामों की प्रगति और नए कामों का खाका भी साथ लेकर आए। अधिकारी इसी तैयारियों के साथ पहुंचे थे। उधर शनिवार व रविवार को अवकाश रहता है। इस दिन अफसर मंत्रालय नहीं पहुंचते, बल्कि जरुरी फाइलें घर से ही निपटाते हैं। लेकिन ऐसे कई अधिकारियों को सीएस के मंत्रालय पहुंचने के साथ ही आना पड़ा।



# 1 से 4 नवंबर के बीच ग्वालियर में आरएसएस का प्रशिक्षण वर्ग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**सभी सम-वैचारिक संगठनों के संगठन मंत्री सहित अन्य प्रचारक होंगे इसमें शामिल**

स्वयंसेवकों के लिए संघ शिक्षा वर्ग की तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने प्रचारकों के लिए भी समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का चार दिवसीय अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग इस बार ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस प्रशिक्षण वर्ग में संघ के सभी सम-वैचारिक संगठनों के संगठन मंत्री और अन्य पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रचारक इसमें शामिल होंगे। इसमें सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और अखिल भारतीय टोली के सभी प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। 30 अक्टूबर को सभी प्रचारक ग्वालियर के केदारधाम सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्र होंगे। यह वर्ग 1 से 4 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हर पांच वर्ष में संघ की ओर से सभी सम-वैचारिक संगठनों के उन संगठन मंत्रियों का प्रशिक्षण वर्ग किया जाता है, जो पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, आरोग्य भारती, प्रज्ञा प्रवाह, चित्र भारती जैसे संगठनों में काम कर रहे हैं।

### उपचुनाव की तैयारी: क्षेत्र में जाकर लेंगे फीडबैक

# कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर रायशुमारी आज से शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




प्रदेश के बुदनी और विजयपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए कांग्रेस एक कदम आगे है। प्रत्याशी चयन के समिति बनाए जाने के साथ ही सोमवार से रायशुमारी भी शुरू हो रही है। बुदनी के लिए रायशुमारी 14 से जबकि विजयपुर के लिए 15 अक्टूबर से शुरुआत होगी। एआईसीसी द्वारा गठित यह समिति दो दिनों तक संबंधित विधानसभा क्षेत्र में रहेगी। इस दौरान जिला, ब्लॉक, मण्डलम, सेक्टर और बूथ के कांग्रेसजनों, नेताओं के साथ रायशुमारी करेगी। रायशुमारी के बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौपेगी। बुदनी विधानसभा उपचुनाव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल शामिल हैं, जबकि विजयपुर के लिए समिति एआईसीसी सचिव मप्र सह-प्रभारी चंदन यादव, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव और लोकसभा प्रत्याशी नीटू सिकरवार सदस्य हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी विजयपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए रायशुमारी में रहेंगे। मालूम हो विजयपुर विधानसभा सीट से रामनिवास रावत कांग्रेस विधायक थे, लेकिन पाला बदलकर अब ये भाजपा के खेमे में हैं। अब राज्य सरकार में मंत्री हैं।

# मुख्यमंत्री को भेजे 10 हजार पोस्ट कार्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कर्मचारी मंच के नेतृत्व में वंन रक्षकों ने मुख्यमंत्री को 10 हजार पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजकर वसूली आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि वनरक्षक का पद सीधी भर्ती का पद है फिर भी वित्त विभाग ने उसे पदोन्नति का पद मानकर वेतन से वसूली के आदेश जारी करें हैं । वन विभाग का वनरक्षक 1900 ग्रेड पे एवं 5680 का वेतन पाने की पात्रता रखता है । वन रक्षकों ने मुख्यमंत्री से वेतन से वसूली के आदेश को निरस्त कर प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है सर्वोच्च न्यायालय एवं सामान्य प्रशासन विभाग के भी स्पष्ट आदेश है कि कर्मचारियों के वेतन से वसूली के मामले की पहले उच्च स्तरीय जांच की जाए लेकिन वित्त विभाग ने ना तो न्यायालय के आदेश का पालन किया और ना ही सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश का पालन किया है।



### मप्र दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाला देश पहला राज्य

# मुख्यमंत्री यादव बोले- देश की प्रमुख नदियों का मायका है मध्यप्रदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की प्रमुख नदियों का मध्यप्रदेश मायका है। मध्यप्रदेश की नर्मदा और ताप्ती नदी अपने मायके अर्थात मध्यप्रदेश को तो आनंदित और प्रफुल्लित करती ही है, साथ ही वह गुजरात को भी धन-धान्य से परिपूर्ण कर रही है। सोन नदी का उद्गम मध्यप्रदेश के अमरकंटक से है, जो बिहार में गंगा जी से मिलती हैं और गंगा जी की धारा को समृद्ध करती है। मध्यप्रदेश से निकलने वाली चंबल नदी राजस्थान को जीवन प्रदान करती है यह नदियां मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी हैं। सूरत से आरंभ हुआ यह अभियान जीवन देने का अभियान है। उन्होंने कहा कि जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रम के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर है। प्रधानमंत्री ने राज्यों के परस्पर संबंधों की सौहाद्रता और नर्मदा जल की एक-एक बूंद का उपयोग सुनिश्चित करते हुए नर्मदा नदी का जल राजस्थान को भी उपलब्ध करने का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पानी के लिए गुजरात में समस्या रहती है और उनकी सहायता करना हम सब का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत चल रहे कैच द रेन अभियान के तहत गुजरात के सूरत में जल संचय-जन भागीदारी- जन आंदोलन÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने वर्षा जल संचयन को बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम की पहल की थी। जल संरक्षण और जल संग्रहण को बढ़ावा देने की सकारात्मक पहल के तहत सूरत में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, वरिष्ठ जन-प्रतिनिधि, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय तथा राज्यों के अधिकारी उपस्थित थे।




# उच्च शिक्षा की नई कवायद: सरकारी कॉलेजों में अब रिसर्च पर फोकस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में छात्रों को रिसर्च बेस्ड पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिए हर सरकारी कॉलेज में शोध निदेशक तैनात होंगे, जो छात्रों में विषय के हिसाब से रिसर्च के लिए बढ़ावा देंगे। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए तीन चरण में कार्य होंगे। कॉलेजों में रिक्त पदों पर भर्ती होगी, पढ़ाई का ढर्रा सुधारने पर फोकस होगा। कॉलेजों मे उच्च गुणवत्ता के अधिक से अधिक रिसर्च कराने के लिए शोध केंद्र बनाकर निदेशक तैनात किए जाएंगे। कुलसचिव को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए। सरकारी कॉलेजों में परीक्षा संचालन को लेकर रेकॉर्ड बेहद खराब रहा है।

**15 जुलाई तक परिणाम:** उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी तय कर डेडलाइन दी है। इसके तहत 45 दिन में परीक्षा पूरी कराते हुए 15 जुलाई तक परिणाम घोषित कराएं। वहीं पूरक परीक्षाएं भी एक माह में करानी होंगी। इसके अलावा अकादमिक कैलेण्डर के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों का संचालन कराना होगा।


**नकल पर कसेंगे नकेल:** कॉलेजों में पारदर्शिता के साथ परीक्षा संचालन की जवाबदारी भी अब विवि की होगी। लंबे समय से विवि सिर्फ पेपर-कॉपी उपलब्ध करा जिम्मेदारी खत्म कर लेता था। अब विवि का उड़नदस्ता नकल रोकने जाएगा। यह दस्ता परीक्षा के साथ शिक्षण गुणवत्ता भी परखेगा।

### राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किया प्रश्नपत्र का ब्लूप्रिंट

# 5वीं व 8वीं के प्रश्नपत्र में केवल 20 फीसदी कठिन सवाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के स्कूलों में पांचवीं, आठवीं कक्षा की परीक्षा बोर्ड एग्जाम के बाद संभावित हैं। प्रश्नपत्र में कठिन प्रश्न कम होंगे और औसत सवाल ज्यादा होंगे। वहीं ऐसे प्रश्न कम होंगे जिनके जवाब बड़े हैं। परीक्षा तैयारी में विद्यार्थियों को आसानी हो इसके लिए प्रश्नपत्र का ब्लू प्रिंट अभी से जारी हो गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र दोनों कक्षाओं की परीक्षा आयोजित कराएगा। प्रदेश से करीब 50 लाख विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र से जारी ब्लू प्रिंट के मुताबिक प्रश्नपत्र में 26 प्रश्न होंगे। इनमें से बहु विकल्पीय और रिक्त स्थान भरने



वाले प्रश्नपत्र 5-5 होंगे। हर प्रश्न पर एक नंबर रहेगा। वहीं लघु उत्तरीय और अति लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या 6-6 होगी। ये 12 और 16 अंकों के होंगे। प्रश्नपत्र में चार ऐसे प्रश्न होंगे जिनके जवाब देने की शब्द सीमा 100 है। इन्हें दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों की श्रेणी में रखा गया है। इन पर 20 अंक होंगे।

**प्रोजेक्ट के भी अंक:** जारी ब्लू प्रिंट के मुताबिक मुख्य प्रश्नपत्र 60 अंकों का रहेगा। जबकि 20 अंक प्रोजेक्ट के होंगे। इसके लिए बीस प्रश्न अर्द्ध वार्षिक भी जोड़े जाने हैं। इसका पालन निजी और सरकारी दोनों ही स्कूलों को करना होगा। जो प्रोजेक्ट तैयार कराए जाने हैं उनके विषय भी राज्य शिक्षा ने सुझाए हैं।

**मेट्रो एंकर** | डेस्टिनेशन बैठकों से ऐतिहासिक-पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग

# कैबिनेट बैठकों से विकास को मिलेगी गति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मोहन सरकार की अगली कैबिनेट बैठक महेश्वर में तय हो चुकी है। यह मकर संक्रांति पर होगी। राजनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि जब तक सरकारें मैदान में नहीं निकलेगी, तब तक वास्तविकता से रूबरू नहीं होंगी। यदि कोई सरकार सुख-सुविधाओं से दूर गांव-देहात में कैबिनेट बैठकें करने की दिशा में सोच रही है तो इसके जरिए निश्चित ही क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। यदि सरकार संबंधित क्षेत्र विकास की योजना लेकर आती है, लोगों से बातचीत करती है और फिर कैबिनेट बैठक करती है तो इससे अच्छा जनकल्याण की दिशा में कोई काम हो ही नहीं सकता। मोहन सरकार ज्यादा से ज्यादा कैबिनेट बैठकें गांव, देहात, विशेष पिछड़ी जाति वाले क्षेत्र, ऐतिहासिक महत्व और छुपे हुए पर्यटन स्थलों में करने की योजना बना रही है। वीरांगना रानी दुर्गावती से जुड़े सिंग्रामपुर से इसकी शुरुआत हो चुकी है। अब ऐसे और स्थानों को खोजा जा रहा है। इसके पीछे की वजह उक्त् स्थलों की ब्रांडिंग करना है ताकि ऐसे स्थल नए सिरे से चर्चा में आए। युवा पीढ़ी और पर्यटक इनसे जुड़ सके। इसके पीछे सरकार की मंशा ऐसे स्थलों पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, क्षेत्रों के लोगों को सरकार का नजदीक से अहसास करना, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को तवज्जो देना बताया जा रहा है। इसके साथ ही पिछड़े हुए क्षेत्रों में बैठक के जरिए सरकार वहां के हालात को भी टटोल सकेगी।

**लोगों के मन में जगह बनाने का प्रयास:** माना जा रहा है कि सरकार डेस्टिनेशन कैबिनेट बैठकों के जरिए संबंधित क्षेत्रों के लोगों व जनप्रतिनिधियों का मन भी जीतना चाहती है। ऐसे क्षेत्रों में पहुंचकर इस बात का अहसास करना चाहती है कि सरकार वल्लभ भवन या राजधानी से ही नहीं, बल्कि अंतिम छोर के व्यक्ति के निवास वाले स्थलों से भी चल सकती है। वहां जाकर पूरी कैबिनेट पहुंचविहीन क्षेत्रों का हाल न सिर्फ जाने, बल्कि उसे सुधारने का प्रयास भी करे।



### वल्लभ भवन से बाहर निकली सरकार

आमतौर पर सरकार वल्लभ भवन में बैठकर हर सप्ताह के मंगलवार को कैबिनेट बैठक करती आई है। सीएम डॉ. यादव ने अफसरों से कहा है कि सरकार उन अनछुए स्थलों, क्षेत्रों तक पहुंचना चाहती है, जो राज्य व राष्ट्रीय महत्व के हैं लेकिन कभी उन पर ध्यान नहीं गया। सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों को ऐसे स्थलों का अध्ययन करने, वहां के जनप्रतिनिधियों से उन स्थलों के बारे में चर्चा करने को कहा है ताकि वहां बैठकें की जाए या नहीं।



## संपादकीय

# विस्तारवाद और विकासवाद

*दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान का सम्मेलन इस बार कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा है। यह सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है जब दुनिया के कई देश परस्पर संघर्ष में उलझे हुए हैं और इसके चलते अनेक आर्थिक समस्याएं चुनौती बन कर खड़ी हो गई हैं। विकसित कहे जाने वाले देश भी मंदी और सुस्त अर्थव्यवस्था से पार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लिहाजा लाओस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर एकजुटता की जरूरत रेखांकित की। प्रधानमंत्री ने ऐसी स्थिति में दक्षिण एशियाई देशों से परस्पर सहयोग और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। दक्षिण एशिया के सभी देश चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते किसी न किसी रूप में असहज महसूस करते हैं। इसलिए सभी ने शिखर सम्मेलन के मंच से चीन की खुल कर आलोचना की। प्रधानमंत्री ने चीन का नाम लिए बगैर कहा कि हमारी नीति विकासवादी होनी चाहिए, न कि विस्तारवादी। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सक्रियता के मद्देनजर उन्होंने समुद्री गतिविधियों के संबंधित कानूनी ढांचे 'अनक्लोस' के तहत ही संचालित किए जाने पर बल दिया। निगरानी की आजादी और वायु क्षेत्र सुनिश्चित करने की जरूरत भी रेखांकित की। इस पर एक ठोस और प्रभावी आचार संहिता बनाने तथा क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर अंकुश लगाने की कोशिशों पर विराम लगाने के उपाय तलाशने की जरूरत भी बताई। दरअसल, चीन की विस्तारवादी नीतियों के कारण न केवल दक्षिण एशिया, बल्कि दूसरे कई देशों में भी कई तरह की परेशानियां पैदा हो गई हैं। चीन ऐसा जानबूझ कर करता है, ताकि तेजी से विकास कर रहे और विकसित देश संघर्षों में उलझे रहें और वह उनके बाजार में अपना वर्चस्व कायम रखे। मगर चूंकि भारत अब विकसित देश बनने के पायदान चढ़ रहा है और उसके प्रयासों से वैश्विक दक्षिण देश अपना एक नया बाजार बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं, चीन की चिंता स्वाभाविक रूप से बढ़ गई है। दक्षिण चीन सागर में उसने इसीलिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। कुछ समय पहले हुए क्वाड सम्मेलन में भी भारत, अमेरिका, जापान और आस्टेलिया ने दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों पर नकेल कसने की जरूरत रेखांकित की थी। दरअसल, अब विकसित देशों को भी महसूस होने लगा है कि दक्षिण एशियाई देशों के सहयोग के बिना चीन को टक्कर देना संभव नहीं है। इन देशों को एकजुट रखने में भारत की अहम भूमिका है। हालांकि आसियान का गठन आर्थिक मामलों में पश्चिम के विकसित देशों, चीन और रूस के वर्चस्व को तोड़ कर अपना एक बाजार विकसित करने और इस क्षेत्र में शांति और सहयोग बनाए रखने के मकसद से हुआ था। इसका असर भी दिखने लगा है। फिलहाल जिस तरह रूस और यूक्रेन लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं और उसके चलते पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। फिर इजराइल और हमास के संघर्ष का दायरा बढ़ा है और उसमें विश्व की दूसरी ताकतों के भी कूद पड़ने की आशंका जाहिर की जा रही है, आसियान देशों की भूमिका आने वाले समय में और महत्त्वपूर्ण होने वाली है। इसी के मद्देनजर अगर आसियान देश इस स्थिति में एकजुटता और परस्पर सहयोग बनाए रखते हैं, तो उम्मीद की जा सकती है कि इस क्षेत्र को वैश्विक संघर्षों की आंच से प्रभावित होने से बचाया जा सकेगा।*

अकेलेपन में भी कुछ है जो नितांत आकर्षक है, सर्वथा सुखकर है लेकिन अफ़सोस कि उसे पा सकना अकेले के बस का नहीं।

– मनोहर श्याम जोशी

## आज का इतिहास

- 1240: दिल्ली सल्तनत पर 1236 ई0 से 1240 ई0 तक शासन करने वाली रज़िया सुल्तान का निधन।
- 1542: मुगल बादशाह अकबर का जन्म हुआ।
- 1918 : शिरडी के साईं बाबा ने शरीर त्यागा।
- 1931 : पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म।
- 1932 : टाटा समूह ने पहली एयरलाइन की शुरुआत की। इसका नाम 'टाटा संस लिमिटेड' रखा गया।
- 1951 : अमेरिकी टेलीविजन के हास्य धारावाहिक 'आई लव लूसी' का प्रसारण शुरू। इसमें लूसील बॉल और उनके पति डेसी एरनाज ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। यह धारावाहिक दुनियाभर में खूब देखा और सराहा गया।
- 1961: कवि, उपान्यासकार, निबंधकार और कहानीकार सूर्यकांत निराला का निधन हुआ।
- 1969 : सोमालिया के राष्ट्रपति कैब्दीराशिद केली शेरमार्के की हत्या।
- 1987 : बुर्किना फासो में सैनिक विद्रोह में शासन प्रमुख थामस संकारा का तख्ता पलट करने के बाद उनकी और उनके कुछ समर्थकों की हत्या की।
- 1988 : उज्जवला पाटिल एक नौका में दुनिया की यात्रा करने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।
- 1993 : दक्षिण अफ्रीका के नेता नेल्सन मंडेला और एफ डब्ल्यू क्लार्क को रंगभेद को शांतिपूर्ण ढंग से खत्म करने और नये लोकतांत्रिक दक्षिण अफ्रीका की नींव रखने पर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया।
- 2003 : अंतरिक्ष में मानवयुक्त यान भेजने वाला चीन तीसरा देश बना।
- 2012: ब्रिटीश लेखिका हेलरी मेंटल को मैन बुकर पुरस्कार से नवाजा गया।
- 2020 : भारत की प्रथम ऑस्कर विजेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर भानु अथैया का निधन।

## निशाना

### छूटा तीर कमान से !




- कृष्णोन्द्र राय

मांग रहे अब माफ़ी ।
देकर ग़लत बयान ।।
खुद ही खुद से खो रहे ।
लगता अब सम्मान ।।
क्यों आई ये नौबत ?
चल दिए इस राह ।।
हो रहे शर्मिंदा ।
सब तो हैं गवाह ।।
बना कैसा योग ।
लिख रहे हैं गाथा ।।
छूटा तीर कमान से ।
पीटो चाहे माथा ।।
हुआ स्वत~ये भान ।
याद अचानक आई ।।
हम ही हैं सर्वोत्तम ।
दे रहे दुहाई ।।

# चुनावी धन-बल और मीडिया की भूमिका से विश्वसनीयता को धक्का

**आलोक मेहता**



हरियाणा में पहली बार नाक नहीं कटी है । इमरजेंसी के तत्काल बाद हुए लोक सभा चुनाव में दिल्ली और कई राज्यों के पुराने अख़बारों की फाइल्स निकालकर देख लीजिये । कांग्रेस और इंदिरा गाँधी के पक्ष में लहर की ख़बरें राष्टीय कहे जाने वाले अख़बारों के पहले पन्ने पर सबसे ऊपर लीड की तरह छपती रहीं । कांग्रेस पार्टी के प्रचार से जुड़े एक प्रमुख रणनीतिकार मेरे पत्रकार मित्र थे । इसलिए बताते थे कि दिल्ली से चुनाव क्षेत्रों में जाने वाले कुछ चुनिंदा पत्रकारों को यात्रा के लिए टिकट , सुविधाएं तथा हैसियत के हिसाब से कितने हजार रुपए दिए जा रहे हैं । स्वाभाविक है हेडलाइन विजय पताका की ही होंगी । पराकाष्ठा यह हुई कि पार्टी और स्वयं श्रीमती गांधी की भारी पराजय के दो सप्ताह बाद एक बड़े अख़बार के ब्यूरो प्रमुख ने मेरे रणनीतिकार मित्र से फोन कर कहा कि चुनावी यात्रा में तो उसके 12 हजार रुपए अधिक खर्च हुए , वह बकाया हिसाब कर दिलवा दो । एक अन्य पत्रकार ने चुनावी प्रचार सामग्री तैयार करने के लिए काम के बकाया बीस हजार रुपए नहीं दिलवाने पर घर के सामने धरना देने की धमकी भरा पत्र ही भेज दिया था । मेरे मित्र ने लगभग रोते हुए कहा कि 'बताइये मैंने तो तब भी केवल पार्टी के कोषाध्यक्ष को कुछ लोगों के नाम बताकर आवश्यक धनराशि सुविधा आदि की सलाह दी थी । अब मैं पराजित पार्टी से पैसे कहाँ से दिलवा दूँ ।' वैसे उससे पहले 19।4 के आस पास भी उत्तर प्रदेश विधान सभा के दौरान भी पार्टी की विज्ञप्ति को खबर की तरह बनाकर लिफाफे में सौ पांच सौ रुपए के साथ छपवाने की जानकारी उन्ही मित्र से मिलती थी । लेकिन तब आज की तरह इलेक्ट्रानिक मीडिया , सोशल मीडिया नहीं था । इसलिए सार्वजनिक चर्चा नहीं हुई । वर्तमान दौर में कांग्रेस की हरियाणा में बड़ी विजय के दावे करने वाले पत्रकारों , मीडिया समूह ., टी वी समाचार चैनल्स , सर्वे कंपनियों और स्वतंत्र यूं ट्यूबर्स , वेबसाइट , फेस बुक के स्वंतंत्र पत्रकार लेखकों की विश्वसनीयता पर सार्वजनिक चर्चा से सबकी छवि ख़राब हो रही है । लेकिन यह लेने वालों और देने वाले नेताओं , पार्टियों नेताओं के आत्म परीक्षण का ध्यान दिलाने वाला मुद्दा भी है ।

तकलीफ इस बात की है कि जो मीडिया कर्मी हरियाणा चुनाव या पहले किसी चुनाव में ऐसे सर्वे या रिपोर्ट पर असहमति व्यक्त करते थे , उन्हें पूर्वाग्रही और सत्ता का पक्षधारी इत्यादि कहकर बुरा भला सुनाया जाता है । इसमें भी कोई शक नहीं कि समाचारों या विश्लेषणों या विचारों में विभिन्न मत सही या गलत हो सकते हैं । लेकिन पेड न्यूज़ या प्रचार का सिलसिला बढ़ना खतरनाक है । मीडिया के जिम्मेदार सम्पादकों और प्रेस कौंसिल जैसी संस्थाओं ने पहले भी इस समस्या को उठाकर आचार संहिता बनाई है । मैंने पत्रकारिता सम्बन्धी अपनी पुस्तक 'पावर प्रेस एन्ड पॉलिटिक्स ' के एक चैप्टर में ऐसी रिपोर्ट्स के प्रामाणिक अंशों का उल्लेख किया है । संसद , चुनाव आयोग और अदालतों ने भी कई बार इस मुद्दे को उठाया । देश के प्रसिद्ध संपादक कुलदीप नय्यर ने स्वयं एक नेता से हुई बातचीत के बारे में बताया था कि चुनाव में उन्होंने दो करोड़ रुपए मीडिया में प्रचार के लिए दिया था । पेड न्यूज़ का एक दुखड़ा एक अन्य नेता ने सुनाया ।




उसने कहा कि चुनाव के दौरान कुछ लाख रुपए देने के बाद अनुभव यह हुआ कि उनकी खबर के सामने विरोधी की खबर को पैसा लेकर छपी देखी तो बहुत तकलीफ हुई । राज्यों में तो कुछ मीडिया संस्थान खुले आम किसी नेता से जुड़े होने के लिए बदनाम रहते हैं । ऐसे बहुत से मामले प्रेस कौंसिल की रिपोर्ट में भी दर्ज हैं । वैसे अब बड़ी विज्ञापन एजेंसियां प्रचार का काम संभाल रही हैं । इसलिए वैधानिक रुप से पार्टी या उम्मीदवार के विज्ञापन पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती है । सर्वे कंपनियां भी पार्टी उम्मीदवार की स्थिति का पता लगाने के लिए काम करती हैं । लेकिन विवाद नगद भुगतान से होने वाले प्रचार , कुप्रचार , पक्षपातपूर्ण सर्वे आदि पर है । क्या इसे धोखाधड़ी जैसा अपराध नहीं कहा जाएगा । चुनाव आयोग के पास ऐसी शिकायतें आती हैं । लेकिन जांच , सबूत आदि की प्रक्रिया में महीनों वर्षों निकल जाते हैं । सवाल यह है कि नेता खुद इस जाल में क्यों फंसते फंसाते हैं ? इससे उनकी और उनके काम के प्रचार की विश्वसनीयता भी तो कम होती जा रही है ।

इस सन्दर्भ में एक विदेशी राजदूत से हुई बातचीत का उल्लेख भी जरुरी है । राजदूत ने एक अंतरंग बातचीत में बताया था कि 'आप लोग मीडिया ग्रुप के लिए चुनावी सर्वे पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च करते हैं । हम उनके छपने या टी वी चैनल पर आने का इन्तजार नहीं करते । हम भी अधिक धनराशि देकर उस सर्वे की कॉपी पहले ही अपनी टेबल पर मंगवा लेते हैं । ' वैसे मुझे तो बीस पच्चीस वर्षों पहले एक यूरोपीय देश में चुनाव के दौरान यह पता चला था कि संपन्न देश के कुछ संस्थान भारत में इस तरह के सर्वे के अभ्यास के लिए चुनिंदा भारतीय लोगों को शिक्षित प्रशिक्षित भी करते हैं । बाद में अच्छी फंडिंग से वे भारत में सर्वे का काम करते हैं और उन विदेशी संस्थांओं या उनकी इंटेलिजेन्स एजेंसियों को अपनी रिपोर्ट देते हैं । शायद यही कारण है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भारत के चुनाव , लोकतान्त्रिक व्यवस्था के विरुद्ध अंतर्राष्टीय षड्यंत्रों और कुछ राजनीतिक या अन्य संगठनों द्वारा विदेशी इशारों पर काम करने की चर्चा अपने भाषणों में भी कर रहे हैं ।

भारतीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता ख़त्म करने के लिए विदेशी ताकतें मजदूरों , किसानों , आदिवासियों , महिलाओं के मुद्दों पर भड़काने , आंदोलन करने , हिंसा , उपद्रव के लिए भी कथित स्वयंसेवी संस्थाओं , समाचार माध्यमों , सोशल मीडिया को हथियार की तरह इस्तेमाल करती हैं । संविधान निर्माताओं ने दुनिया भर की लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं का अध्ययन करके श्रेष्ठ भारतीय संविधान के नियम कानून अभिव्यक्ति के अधिकारों का प्रावधान किया । उन्होंने वर्तमान विश्व परिदृश्य की कल्पना नहीं की होगी अथवा वह आज होते तो अपने बनाए नियम कानून बदलकर कुछ आवश्यक नियंत्रण का प्रावधान करते । इस समय तो राजनीति ही नहीं समाज के अन्य क्षेत्रों में किसी आचार संहिता को नहीं स्वीकारने की स्थितियां दिखने लगी हैं । इस गंभीर विषय पर संसद में सर्वानुमति से आवश्यक सुधारों , अनिवार्य आचार संहिता के निर्माण और सुप्रीम कोर्ट से भी स्वीकृति की जरुरत है । रावण की बुराइयों अथवा अँधेरे से उजाले और सामाजिक राजनीत्तिक प्रदूषण से मीडिया को भी बचाने के लिए संकल्प और प्रयासों की जरुरत है ।

# 'संघ का विजयादशमी उद्बोधन 2024-निहितार्थ'

**प्रवीण गुगनानी**

आज भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का माप, ताप, व्याप, आलाप, अनुलाप इतना है कि संघ के विचार को विश्व के प्रमुख सत्ता केंद्र भी सुनना, समझना और मथना चाहते हैं। संघ क्या कह रहा है? उसकी योजना क्या है? उसका मंतव्य और गंतव्य क्या है? वर्ष भर में दो-तीन ही ऐसे अवसर होते हैं जिनसे यह समझने का प्रयास किया जा सकता है। इस दृष्टि से राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सर्वोच्च अधिकारी, सरसंघचालक का दशहरा उद्बोधन एक महत्वपूर्ण अवसर है। विजयदशमी उत्सव में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कोपिल्लिल राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में थे। राष्ट में मातृशक्ति की चैतन्यता, जागरण, उत्थान, विमर्श की दृष्टि से संघ लगभग प्रतिवर्ष किसी महत्वपूर्ण नारी व्यक्तित्व को लेकर समाज जागरण करता है। विगत वर्ष इस दृष्टि से हमारी जनजातीय नायक वीरांगना दुर्गावती पर संघ ने अपने वर्ष भर के महिला विमर्श के कार्यक्रमों को केंद्रित किया था। यह वर्ष देश की एक आध्यात्मिक किंतु सर्वोत्कृष्ट शासनकर्ता, लोकमाता, पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई का तीन सौवां जन्म जयंती वर्ष है। देश भर में होने वाले अपने कार्यक्रमों को अहिल्या बाई पर केंद्रित करने की दृष्टि से सरसंघचालक जी ने कहा - ÷देवी अहिल्याबाई एक कुशल राज्य प्रशासक, प्रजाहितदक्ष कर्तव्यपरायण शासक, धर्म संस्कृति व देश की अभिमानी, शीलसंपन्नता का उत्तम आदर्श तथा रण-नीति की उत्कृष्ट समझ रखने वाली राज्यकर्ता थीं÷।

यह वर्ष भारत हेतु कुप्रथाओं, कुरीतियों से मुक्तिदाता दिलाने वाले आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जन्मजयन्ती वर्ष भी है। स्वामी दयानंद ने विदेशी आक्रमणों के कारण भारतीय समाज में आ गई सामाजिक व्याधियों का समुचित अध्ययन करके उनसे देश को मुक्ति दिलाने की दिशा में एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन चलाया था। विदेशी आक्रांताओं के वैचारिक आक्रमण, उनके द्वारा हमारी शिक्षा पद्धति को नष्ट करना, शिक्षण संस्थानों का विध्वंस करना, मतांतरण के माध्यम से समाज को भ्रष्ट करना, समाज में षड्यंत्रपूर्वक जातिगत विभेद उत्पन्न करना जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हिंदू समाज आ गई बुराइयों का उन्मूलन एक बड़ा व महत्वपूर्ण कार्य था; यह कार्य स्वामी दयानंद सरस्वती ने किया।

संस्था चाहे कोई भी हो अपने आयोजनों में किसी अन्य संस्था के प्रसंगों को जोड़कर अपनी लाइन छोटी नहीं करना चाहती है। संघ इसके ठीक विपरीत है। संघ, हिंदू समाज के सभी गौरव बिंदुओं में स्वयं को विलीन कर देना चाहता है व इस अनुरूप ही आचरण भी करता है। संघ अपनी सौवीं जयंती में वर्ष भर, बंगाल की 'सत्संग' संस्था की सौवीं जयंती को समूचे देश में अपने कार्यक्रमों, दैनिक स्मरण, आयोजनों, बैठकों, कार्यशालाओं में मनायेगा। 'सत्संग' की स्थापना प्रसिद्ध बंगाली महापुरुष अनुकूल चन्द्र ठाकुर ने की थी। भारत के चारित्र्य मापदंडों को ऊँचा करने, साहित्यिक दृष्टि को विकसित करने, सांस्कृतिक अस्मिता को जीवित रखने, विदेशी आक्रांताओं के कारण समाज में आई ही बुराइयों से समाज को मुक्ति दिलाने में बंगाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कभी देश भर में 'भद्र बंगाल' माने जाने वाले बंगाल के वैचारिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, राजनैतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक महापुरुषों का स्मरण करने से, समूचे देश के वैचारिक जागरण व पुनरुत्थान की दिशा हमें स्वमेव मिल जाती है। सरसंघचालक जी ने बंगाली नायक परमपुज्य श्री अनुकूल चन्द्र ठाकुर का स्मरण व कृतज्ञता ज्ञापन किया।



भारत के वन्य समाज व नागर समाज में कभी कोई भेद-विभेद नहीं रहा है। दोनों ही समाजों ने एक दूसरे के पूरक भाव से परस्पर आवश्यकताओं की पूर्ति, परस्स्पर सम्मान, परस्पर मेल-जोल को बनाये रखते हुए देश के चहुँमुखी विकास में अपनी भूमिका निभाई है। आज देश में चारों ओर 'दलित विमर्श' के नाम पर या जनजातीय हितों के नाम पर विदेशी शक्तियाँ समाज विभाजन का वातावरण उत्पन्न कर रहीं हैं। इन विदेशी विचारों को उत्तर देने हेतु हमारे समक्ष सबसे बड़ा नाम जनजातीय नायक, भगवान बिरसा मुंडा का है। राष्टीय स्वयंसेवक संघ के इस सर्वोच्च मंच से भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष को भी वर्ष भर उत्सवपूर्वक मनाने व उनके विचार को अपने वैचारिक प्रतिमानों में और अधिक सुसज्जित रूप से स्वीकार्य करने हेतु समाज के समक्ष आग्रह रखा गया है। भगवान बिरसा मुंडा से भी बड़ा उनका विचार था, जिसे उलगुलान के रूप में उन्होंने हमारे देश को दिया था। आज की आधुनिक परिस्थितियों के अनुरूप ही भगवान बिरसा के 'उलगुलान' को राष्टीय नीतियों में स्थापित करके हम उनके इस 150 वीं जन्म जयंती को मनायेंगे, ऐसा संकल्प भी संघ के इस मंच से उद्घोषित हुआ। मंच से भारत में होने वाली अवैध घुसपैठ व उसके कारण उत्पन्न जनसंख्या असंतुलन, अवैध घुसपैठियों के संदर्भ में भी चिंता व्यक्त की गई व एक सुदृढ़ 'नागरिकता नियम' की आवश्यकता का भान देश को कराया गया। तेज़ी से बदलते विमर्शों या नरेटिव्ज़ के वर्तमान विमर्श में अपने देशज विमर्श को 'डीप स्टेट', 'वोकिज्म' 'कल्चरल मार्क्सिस्ट' से बचाये रखने में आज की पीढ़ी की आवश्यकता की भी चर्चा की गई। व्यक्तव्य से यह तथ्य भी उभरा कि - ÷समाज में जातिगत विघटन उत्पन्न करना, चिरंतन सामाजिक मूल्यों को ध्वस्त करना, श्रद्धा व आस्था को समाप्त करने वाले इन नये नरेटिव्ज़ को समाप्त करने में अपनी वैचारिक शक्ति को जागृत रहना होगा÷। देश के बालवृंद, किशोरों व युवा पीढ़ी को परोसे जा रहे 'वैचारिक एसिड्स' की चर्चा भी हुई। मोहनराव जी ने कहा कि हमारा राष्ट्र'मातृवत् परदारेषु' के सुदृढ़ आचरण वाला एक सांस्कृतिक राष्ट्र रहा है। संस्कृत के इस सूक्त 'मातृवत् परदारेषु परद्रव्येषु लोष्ठवत, आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति सः पंडितः'.का आशय है - जो व्यक्ति समाज में अपनी पत्नी को छोड़कर शेष नारी समाज को अपनी मां की तरह, दूसरे के धन को मिट्टी के समान, और सभी प्राणियों को अपने जैसा ही मूल्यवान समझता है, वही सच्चा पंडित यानी ज्ञानी है। नई पीढ़ी के प्रति बड़ी विस्तृत चिंता व्यक्त की गई। बच्चों व युवाओं की हथेलियों को जकड़ लेने वाले मोबाइल से मिल रहे दुराग्रहों, दुराचरण आदि की दुश्चिंताओं को भी व्यक्त किया गया।

देश में उभरते कट्टरपन की चर्चा में बाबासाहेब अंबेडकर की यह बात उन्हीं के शब्दों में कही गई कि - 'यह तो अराजकता का व्याकरण है। यही कट्टरपन देश में विभिन्न हिंदू उत्सवों की शोभायात्राओं पर पत्थर बरसाता है व सामाजिक सौहाद्र को छिन्न-भिन्न कर देता है। माजिक समरसता की घोर आवश्यकता पर बल देते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि ÷एक दूसरे के सामाजिक उत्सवों में सम्मिलित होने, सभी समाजों के महापुरुषों को राष्ट्रीय नायक मानने से, परस्पर आयोजनों-उत्सवों में सम्मिलित होने से, परस्पर मान्यताओं व श्रद्धा को अपना मानने से ही सामाजिक समरसता की स्थापना हो सकेगी। सामाजिक समरसता को केवल सांकेतिक कार्यक्रमों से करने के आडंबर की अपेक्षा अपने व्यक्तिगत आचरण में स्थापित करना चाहिये। परस्पर साहित्य, संस्थान, सोच, किवदंतियों, श्रद्धा, आस्था को सम्मान देने के राष्टीय चरित्र को विकसित करने के संकेत इस संभाषण में स्थान-स्थान पर मिलते हैं।

पर्यावरण, पौधारोपण, जलीय सरंचनाओं की शुद्धता व रक्षा, जल का सीमित उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक का निषेध आदि का आग्रह भी किया गया। नागरिक अनुशासन, नागरिक कर्तव्यों का कड़ा अनुशीलन, देश भक्ति के भाव में आकंठ डूबे आचरण का आग्रह भी किया गया। स्वदेशी उत्पादनों के प्रयोग, देशज उद्योगों, उद्यमों, उद्यमियों, श्रम के आदर का विषय भी विस्तार से आया। भाषा, भूषा, भजन, भवन, भ्रमण और भोजन अपना हो, अपनी परम्परा का हो यह ध्यान रखना - यह ही सारांश में स्वावलंबन विकसित करने वाला स्वदेशी व्यवहार है।



# तेज हवा आंधी के साथ हुई बारिश से किसानों की फसल को नुकसान

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

बीते तीन दिनों से शाम के समय हो रही तेज हवा आंधी गरज के साथ बारिश होने से किसानों की फसल कटने के लिए तैयार है वही इस असमय हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर स्पष्ट दिखाई दे रही है। किसानों को खेत में मक्का,धान,सोयाबीन की फसल लगभग लगभग कटने के लिए तैयार है ऐसे में मौसम की बेरुखी किसानों पर भारी पड़ रही हैं।सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांव इस बारिश से प्रभावित हुए हैं।तो वहीं सूरजपुर लोखरतलाई,बेजनपूर, महूआढाना,शुकल ढाना, सन्टई, गागिया, श्रीपुरा, पलासी सहित कई दर्जन ग्रामों की फसल प्रभावित हुई है। धान की फसल इस हवा और पानी से खेत में आडी हो गई है तो मक्का में भी कटाई में दिक्कत हो रही है वहीं सोयाबीन में भी यही समस्या आ रही है। किसान राजेश मालवीय ने बताया कि मैने मेरे खेत में 3 हेक्टेयर में धान तथा 2 हेक्टेयर में मक्का बोई थी जो कि अच्छी लगी थी कोई रोग कोई नुकसान नहीं था। अचानक आंधी तूफान बारिश आने से पूरी फसल बर्बाद हो गई तेज हवा के कारण पूरी धान आडी हो गई जिसे हार्वेस्टर से कटवाना मुश्किल हो गया है।



### आंधी तूफान के चलते हुए लाइट गुल

लोखरतलाई गांव के राजेश मालवीय ने बताया कि तेज हवा आंधी और बारिश के कारण पीछले 3 दिनों से लाइट लगातार बंद हो रही है 3 दिनों से लाइट साम 5 बजे बंद होती हैं तो रात को करीबन 2 बजे के बाद ही आती है। बही दिन में भी लाइट का कोई टाइम नही है कभी भी चली जाती है । लाइट 3 घंटो से पहले नही आती बही पर बिजली विभाग के कर्मचारी ग्रुप में कभी एसएमएस डालते हैं तो कभी नही ग्रामीणों के द्वारा बिजली आपरेटर को फोन लगाते हैं तो उठाते नही और उठाते हैं तो सीधी बात नहीं करते हैं। बिजली आपरेटर दुर्योधन धुर्वे से सम्पर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन नही उठाया। दोबारा लगाने पर उन्होंने कहा लाइट कब तक आएंगी हररोज की तरह आज भी आएंगी क्या तो उनकी और से कोई जबाव नहीं दिया फोन काट दिया।

# औद्योगिक क्षेत्र किरतपुर में बासमती राइस मिलिंग यूनिट स्थापित

## स्थानीय लोगों को मिल रहा रोजगार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर किये जा रहे प्रयासों के चलते जहां एक ओर प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखला जारी है, वहीं प्रदेश के बाहर से उद्योगपतियों द्वारा भी प्रदेश में विभिन्न उद्योगों की स्थापना भी नियमित रूप से की जा रही है। जिले में भी उद्योगो को स्थापित करने के एवं जिला स्तर पर निवेश को सुगम बनाने, निवेशकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने एवं निवेश परियोजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से समर्पित है।

ऐसे ही एक उद्योग की सफलता की कहानी का वर्णन करते हुए शर्मा इण्डसट्रीज के प्रतिनिधि राजेन्द्र गर्ग बताते हैं कि मध्य प्रदेश में उद्योगों में निवेश करने की अपार संभावनाओं को देखते हुए उन्होंने जिले के किरतपुर औद्योगिक क्षेत्र में बासमती राइस मिलिंग यूनिट स्थापित की है। श्री गर्ग बताते हैं कि वे मूलत पंजाब राज्य के निवासी हैं। किंतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा नवीन उद्योगों एवं राज्य के विभिन्न जिलों में निवेश करने के लिए निवेशकों को शासन द्वारा जो वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है उससे प्रभावित होकर तथा यहां पर औद्योगिक विकास की अपार संभावनाओं के कारण हमारे संस्थान द्वारा यहां पर उक्त बासमती राइस मिलिंग यूनिट स्थापित की गई है। श्री राजेंद्र गर्ग ने बताया कि उद्योग स्थापना के लिए शासन एवं प्रशासन से उन्हें हर संभव सहायता प्राप्त हुई है। श्री गर्ग ने बताया कि मिलिंग यूनिट को स्थापित कर सफलतापूर्वक उसका संचालन किया जा रहा है एवं इसी के साथ क्षेत्र के 15 स्थानीय लोगों को भी राइस मिल में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। श्री गर्ग ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है, साथ ही उन्होंने राइस मिलिंग यूनिट स्थापना में सहयोग प्रदान करने के लिए स्थानीय प्रशासन को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि आज

# सोयाबीन का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 अक्टूबर तक किया जाएगा

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ (विपणन वर्ष 2024-25) के तहत ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन का पंजीयन कार्य शुरू हो गया है। जो 20 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा। इसके साथ ही पंजीकृत किसानों एवं रकबे का सत्यापन 25 अक्टूबर 2024 तक किया जायेगा।

कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को पंजीयन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जब किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज जानकारी में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही वह पंजीयन मान्य होगा। सिकमी/बटाईदार/वनाधिकारी पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर किया जाएगा। पंजीयन केंद्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार नंबर से पंजीकृत मोबाइल नंबर हो तथा सिकमीनामे की प्रति साथ में लेकर आना होगा। सिकमीनामें की प्रति ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर अपलोड करनी होगी, इसके उपरांत ही पंजीयन की कार्यवाही पूरी होगी।

सिकमी/बटाईदार/वनाधिकारी पट्टाधारी किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।




**सीहोर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने सभी किसानों से समय सीमा में पंजीयन कराने की अपील की है।

किसानों को वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति व अन्य दस्तावेज साथ में लाना अनिवार्य है। वनपट्टाधारक किसान के पंजीयन मे वनपट्टा कमांक खसरा रकबे एवं बोई गई फसल की प्रविष्टि की जाएगी। सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों द्वारा पंजीयन के समय आधार कार्ड, खसरा नकल एवं बैंक पासबुक की प्रति पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। एनआईसी द्वारा यह सुविधा ई-उपार्जन पोर्टल में दी जायेगी। उपार्जन समितियों द्वारा किसानों के इन दस्तावेजों को प्रिंट कर संरक्षित रिकॉर्ड में रखा जाएगा।

# जीवन में किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है : बागरी



**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमति प्रतिमा बागरी ने आष्टा के ग्राम खड़ी हाट में आयोजित दशहरा उत्सव समारोह में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पारंपरिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रावण दहन किया गया। राज्य मंत्री श्रीमति बागरी ने कहा कि दशहरा केवल श्रीराम की रावण पर विजय का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। हमें इस पर्व से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, शांति और विकास का मार्ग अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम वर्षों से दशहरा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं। यह पर्व हमारी संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सिखाता है, कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में कठोर संघर्ष कर बुराई पर विजय प्राप्त की। उसी प्रकार हमें भी सत्य के मार्ग पर चलकर अपने जीवन की बाधाओं पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा पहला कर्म मानव सेवा होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, धारासिंह पटेल, सोनू गुणवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शासकीय आईटीआई मंडीदीप में 14 अक्टूबर को अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन

**रायसेन।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मण्डीदीप ग्राम मेंदुआ, भोजपुर रोड, जिला रायसेन में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिशिप मेला 14 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। इस मेले में आईटीआई उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी को प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। जो अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप मेले में भाग लेना चाहते हैं, वे शासकीय आईटीआई मंडीदीप में अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं बायोडाटा/सीव्ही/रिज्यूम सहित 14 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। अप्रेन्टिशिप हेतु भर्ती अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों की शर्तो के अनुसार की जाएगी। मेले में एचईजी लिमिटेड, आर्टेक सोलोनिक्स लिमिटेड, सागर मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड, मानकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड और सेवियर कैप्स प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल होंगी। जिसमें लगभग 150 आवेदकों का चयन किया जाएगा।

# कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए सीहोर से 279 तीर्थ यात्री हुए रवाना

**कामाख्या के लिए तीर्थ यात्रियों को लेकर हुई रवाना**

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**



मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत कामाख्या के लिए सीहोर रेलवे स्टेशन से 279 तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन रवाना हुई। इस अवसर पर तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के चेहरे पर तीर्थ यात्रा की खुशी देखते ही बनती थी। तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ तीर्थ यात्री श्रीमति बसंती बाई चावला, श्रीमति चंद्रकला बाई, श्री नाथूराम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हमारे लिए श्रवण कुमार की तरह कार्य कर रहे हैं। जिस प्रकार श्रवण कुमार ने अपने माता पिता को सभी तीर्थों के दर्शन कराए थे, उसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी हमारे बेटे की तरह हमें तीर्थ यात्रा कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से हमें आज कामाख्या की तीर्थ यात्रा पर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी यात्रियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया है।

### कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 13 अक्टूबर 2024 से 18 अक्टूबर तक कामाख्या तीर्थयात्रा का आयोजन किया गया है। जिसके तहत 13 अक्टूबर को तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन कामाख्या के लिए रवाना हुई। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार कामाख्या तीर्थ यात्रा के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 138 में कंट्रोल रूम बनाया गया। जिसका नंबर 07562226470 है।

**मेट्रो एंकर**

## लाड़ली लक्ष्मी योजना

# बालिका सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना ने राज्य में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके सकारात्मक परिणामों ने अन्य राज्यों को भी इस दिशा में कार्य करने के लिये प्रेरित किया है।

इस योजना के सफल कार्यान्वयन और प्रभावी परिणामों ने अन्य प्रदेशों को इस तरह की योजनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया है, जिससे बालिकाओं की स्थिति में सुधार देखा गया है। मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना राज्य सरकार की एक ऐसी अनूठी पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के जीवन में सुधार लाना और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। यह योजना बालिकाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए 2007 में शुरू की गई थी। इस योजना का मुख्य फोकस लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि वे सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2023-24 में 935.8 करोड़ का व्यय हुआ है। योजना में प्रति वर्ष औसतन 1000 करोड़ का व्यय अनुमानित है। वर्तमान प्रावधान अनुसार वर्ष 2027-28 में 21 वर्ष पूर्ण कर रही बालिकाओं के लिए लगभग 1313 करोड़ राशि की आवश्यकता होगी। अब तक




लाड़ली लक्ष्मी योजना में लगभग 48 लाख 86 हज़ार 832 बालिकाओं का पंजीयन किया गया है, जिन्हें अब तक 524.91 करोड़ रुपये की छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जा चुकी हैं। वर्ष 2024-25 में कुल 1 लाख 21 हज़ार 425 बालिकाओं का पंजीयन हुआ है। इस वर्ष अब तक 48.88 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है।

### वर्तमान प्रावधान अनुसार मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना वर्ष 2027 से 2032 में वित्तीय भार

वर्ष 2007 में प्रारंभ हुई इस योजना में इस वर्ष 40 हज़ार 854 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ था। वर्ष 2027-28 में ये बालिकाएँ 21 वर्ष पूर्ण करेंगी। छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन राशि पर 904.49 करोड़, 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रति बालिका को देय राशि 1 लाख के मान से 408.54 करोड़ की राशि, कुल 1313.03 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान है। इसी प्रकार वर्ष 2008-09 में कुल 1 लाख 86 हज़ार 803 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ, जिन्हें 1209.31 करोड़ की छात्रवृत्ति दी गई। वर्ष 2028-29 में 21 वर्ष पूर्ण होने पर 1868.03 करोड़ की राशि देय होगी यानी कुल 3068.38 करोड़ रुपये की राशि का व्यय अनुमानित है। वर्ष 2009-10 में 2 लाख 13 हज़ार 874 बालिका पंजीकृत हुईं, जिन्हें 1270.97 करोड़ की छात्रवृत्ति बांटी गई। वर्ष 2029-30 में 21 वर्ष पूर्ण होने पर 2138.74 करोड़ की राशि देय होगी। इस पर कुल 3409.71 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित होगा। वर्ष 2010-11 में पंजीकृत 3 लाख 5 हज़ार 228 बालिकाओं को 1291.39 करोड़ की छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई। वर्ष 2030-31 में 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3052.28 करोड़ रुपये, कुल 4343.87 करोड़ की राशि का व्यय होगा। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2011-12 में 3 लाख 80 हज़ार 260 बालिकाओं का पंजीकरण कर 1329.26 करोड़ रुपये की छात्रवृत्तियाँ दी गईं। इन बालिकाओं को वर्ष 2031-32 में 21 वर्ष पूर्ण होने पर 3802.6 करोड़ रुपये दिये जाएंगे। इस पर कुल 5131.80 करोड़ रुपये की राशि का व्यय अनुमानित है।

## विश्व प्रवासी पक्षी दिवस पर विशेष

# नर्मदा नदी के किनारे बसा नर्मदापुरम जिला प्रवासी पक्षियों का पसंदीदा आश्रय स्थल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

हर वर्ष मई और अक्टूबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाने वाला विश्व प्रवासी पक्षी दिवस, प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और उनकी जैव विविधता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

नर्मदापुरम जिले का पचमढ़ी हिल स्टेशन प्रवासी पक्षियों का एक प्रमुख ठिकाना है। यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य और अनुकूल जलवायु ने इसे पक्षियों के लिए एक आदर्श आश्रय स्थान बना दिया है। पचमढ़ी की हरी-भरी पहाड़ियां और शांत वातावरण इन पक्षियों को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करते हैं। यहां विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे, झरने और तालाब पाए जाते हैं जो इन पक्षियों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसके अलावा, नर्मदा नदी क्षेत्र भी विभिन्न प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जिले की जैव विविधता इन पक्षियों को विशेष और सुरक्षित निवास प्रदान करती है। नर्मदा नदी के किनारे भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां प्रवासी पक्षी बड़ी संख्या में देखे जा सकते हैं। नदी के किनारे के दलदली क्षेत्र, घास के मैदान और जंगल इन पक्षियों के लिए भोजन के लिए आदर्श स्थान हैं। ये क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध जैव विविधता के कारण देश-विदेश से आने वाले विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के लिए एक आकर्षक स्थल बन गए हैं।पर्यावरणविदों ने इस अवसर पर बताया कि प्रवासी पक्षियों का संरक्षण केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

### माता रानी की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर प्रारंभ, देखने उमड़ी भीड़

# दो दिनों तक निकाला झांकियां का चल समारोह अनेक स्वरूपों से सजी झांकियां भी निकली







**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पिछले 10 दिनों से नवरात्रि का उत्सव मनाया जा रहा था दशहरे पर पूजा अर्चना के बाद शनिवार को दोपहर के बाद माता रानी जी की प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर प्रारंभ हुआ तो रात्रि भर चलता रहा रविवार को भी सुबह से लेकर देर रात तक प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ले जाने का दौर चलता वही चल समारोह पूरे भक्ति भाव के साथ निकल गया छोटी का विसर्जन शनिवार को हो गया था।

बड़ी प्रतिमाओं के साथ स्वरूपों से सजी झांकियां भी रात्रि 1 बजे से निकलने प्रारंभ हुई जिनमें एक से बढ़कर एक स्वरूपों के दर्शन कराया जा रहे थे। कई दृश्य तो दांतो तले उंगली दबाने वाले थे विभिन्न झांकी संचालकों के द्वारा इनको तैयार करने में कई दिनों का समय लग गया और बड़ी मेहनत भी इनमें इनके द्वारा की गई थी वह झलक रही थी जिनको निहारने के लिए टकटकी लगाकर रात भर लोग बाजार में बैठे रहे हिंदुओं उत्सव समिति ,बजरंग दल से लेकर विभिन्न विभिन्न समितियां समाजसेवियों के द्वारा अच्छी झांकियां को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। स्वरूप में भगवान भोलेनाथ श्री कृष्णा भगवान श्री राम जी के स्वरूप के दर्शन भी हो रहे थे। इसके अलावा देशभक्ति से ओतप्रोत दृश्य भी झांकियां स्वरूपों के रूप में शामिल थे। जिनको देखने के लिए नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग आए रात्रि भर बाजार में झांकियां का चल समारोह देखने के लिए लोग घरों की छतों पर इन दृश्यों को देखने के लिए टकटकी लगाकर बैठे रहे पूरी रात चल समारोह उल्हासनगर में चरम पर था पूरे भक्ती भाव से झांकियां का चल समारोह निकाला इसके अलावा प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए भी चल समारोह के रूप में भक्तजन मैया रानी की भक्ती में लीन होकर झूमते नाचते हुए निकले इसके अलावा काली माता की दो बड़ी प्रतिमाओं को श्रद्धालु गण चल समारोह के रूप में विसर्जन के लिए लेकर पहुंचे माता रानी की भक्ति से उपरोक्त भजनों पर महिला पुरुष की युवतियां भी शामिल थी बड़ी संख्या में लोग काली माता के विसर्जन के चल समारोह में शामिल हुए एक प्रतिमा जो पंडित चंद्र मोहन शर्मा स्मृतिगर में लगी थी उसकी ऊंचाई 20 फीट की होने के कारण विसर्जन स्थल तक ले जाने में कड़ी मेहनत भी हुई साथ ही सुरक्षा के भी इंतजाम थे ।ऊंचाई अधिक होने के कारण जगह बिजली की जगह-जगह लाइन आ रही थी दूसरी ओर ऑनलाइन रोड पर भी काली माता की 10 फीट की प्रतिमा लगी हुई थी उनका विसर्जन भी समारोह के रूप में किया गया माता रानी के विसर्जन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और इनको देखने के लिए भी भीड़ लगी रही दो दिनों तक विसर्जन का दौर चलता प्रशासन के द्वारा तालाब के पास बनाए गए कृत्रिम कुंड में इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। बड़ी प्रतिमाओं को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूजा अर्चना आरती के बाद नगर पालिका की टीम ने लेकर विसर्जित किया यहां पर लाइट की व्यवस्था भी थी। प्रशासन और पुलिस के द्वारा भी व्यवस्थाओं का लगातार जाया जा लिया जा रहा था।

# राष्ट्र सेविका समिति, द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहां समिति की बहनों ने शस्त्र पूजन करते हुए शाखा में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की विदिशा नगर कार्यवाहिका श्रीमती अर्चना चौहान रहीं।

भारत की प्राण शक्ति वन्दे मातरम विषय पर बोलते हुए मुख्य वक्ता ने बताया कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी ने जो वन्दे मातरम गीत लिखा उस गीत को 125 वर्ष हो रहे हैं।इस गीत ने ही जन मानस को राष्ट्र भक्ति के प्रति उत्साहित किया।अंग्रेजी साम्राज्य की बेड़ियों से जकड़ी माँ भारती का पुत्रों के प्रति आव्हावन का शब्दिकरण वन्दे मातरम है।लाठी, छुरी,कटार, बेलन,हसिया आदि का पूजन करते हुए देवी अहिल्या बाई को भी स्मरण किया।बताया कि उनके त्रिशताब्दि वर्ष में हर स्तर पर देवी अहिल्या बाई का कृतत्व पहुंचना चाहिए।इस अवसर पर विदिशा विभाग तरूणी प्रमुख सुश्री निहारिका खोड़के, नगर शारीरिक प्रमुख सुश्री मुस्कान रघुवंशी , नगर गीत प्रमुख सुश्री भूमिका यादव , नगर उत्सव प्रमुख सुश्री तान्या चौहान और शाखा कार्यवाहिका श्रीमती भावना त्यागी जी और शाखा कार्यवाहिका श्रीमती सरला भार्गव जी सहित नगर की अन्य सेविकाएं भी उपस्थित रहीं।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र)

क्रमांक/राज./2024/2215 दिनांक 08.10.2024

**नमांतरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकगणों द्वारा मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नगरपालिका में विचाराधीन है।

| क्र. | प्रकरण क्र. | क्रेता | विक्रेता | पता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 144/ना/2024 | हेमराज रघुवंशी/पूरन सिंह रघुवंशी | शकील अहमद/खलील अहमद | वार्ड 02 | विक्रेय पत्र |
| 2 | 145/ना/2024 | मो राशिद/रफीक खां, मईन, उवेद/माजिद खां | रफीक खां | वार्ड 15 | शपथ पत्र फोती नामा |
| 3 | 146/ना/2024 | चंदा रघुवंशी/मकुश रघुवंशी | अंकुर जैन | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 4 | 147/ना/2024 | भोगीराम/दौलत राम रघुवंशी | ओमप्रकाश झा./ छोटेलाल झा. | वार्ड 13 | विक्रय पत्र |
| 5 | 148/ना/2024 | रेखा रघुवंशी/भोगीराम रघुवंशी | नीलम रघुवंशी/भारत सिंह रघुवंशी | वार्ड 13 | विक्रय पत्र |
| 6 | 149/ना/2024 | नेहा यादव/धनराम यादव | जफर उल्ला वैग | वार्ड 02 | विक्रेयपत्र |
| 7 | 150/ना/2024 | भीकम सिंह/अंतराम कुशवाह | नारायण सिंह, हरि सिंह राठौर/मन्नी लाल | वार्ड 14 | विक्रेयपत्र |
| 8 | 151/ना/2024 | हेमलता/रमेश साहू | रजनी शर्मा/राजू शर्मा | वार्ड 02 | विक्रय पत्र |
| 9 | 152/ना/2024 | अब्बास अली/नजर अली | फखरूदीन/बदरूदीन आदि | गांधी बाजार | विक्रय पत्र |
| 10 | 153/ना/2024 | राजेश/रमेश विश्वकर्मा, अनिल/रमेश विश्वकर्मा | विधा बाई/रमेश विश्वकर्मा | वार्ड 02 | हकत्याग पत्र |

अतः उपरोक्त दावो के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगरपालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधी यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नही आगामी कार्यवाही की जावेगी।

**मुख्यनगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिकापरिषद सिरोंज**

# उपाध्यक्ष के वार्ड में रोड पर 15 दिनों से गड्ढा खोदकर खुला छोड़ा दुर्घटना को दे रहा दावत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं इनसे भी कोई सीख नहीं ली जा रही है ।नवरात्रियों के त्यौहार के दौरान भी नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की लापरवाही देखने को मिली जिस वार्ड से नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष का नाता है साथ ही 1700 के करीब बालिकाएं कन्या शाला स्कूल इसी मार्ग आती जाती है वार्ड वासियों का भी जाने का रास्ता यही है । वहां भी पिछले 15 दिन पहले पाइप लाइन के लीक को ठीक करने के लिए गड्ढा नगर पालिका के द्वारा खोद गया था उसको इसी तरह खुला हुआ छोड़ दिया गया है बंद करने का काम भी नहीं किया गया है,इसकी वजह से कभी भी हादसा होने का खतरा यहां पर बना हुआ है। जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं। जबकि इसी मार्ग से बड़ी संख्या में कन्या शाला स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं का आना-जाना होता है आम नागरिकों का भी यही से आना-जाना होता है यह क्षेत्र भी नगर पालिका उपाध्यक्ष के वार्ड में आता है । इसके बाद भी जिम्मेदारों के द्वारा इसको बंद करने का काम नहीं किया जा रहा है। इस बात से नगर पालिका के अमले के काम करने का पता चलता रहा। दूसरे वार्ड में तो और भी बुरे हालात देखने को मिल रहे हैं । वहीं कई दिनों तक लाइनों में पानी लीकेज होता रहता है। उसको ठीक करने के लिए इसी तरह खोद कर खाना पूर्ति कर दी जाती है ,इस वजह से पानी की बर्बादी भी होती है और आम जनता को भी इनकी लापरवाही से दो-चार होना पड़ता है ।

## सुगम विद्युत सुविधा योजना

**विदिशा।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश की घोषित एवं अघोषित अवैध कॉलोनियों के रहवाासियों को स्थायी विद्युत कनेक्शन प्रदान करने हेतु आवश्यक अद्योसंरचनाएं निर्माण की लागत के भुगतान में राहत दिए जाने हेतु सुगम विद्युत सुविधा योजना 2024 लागू की गई है। ऊर्जा विभाग के विशेष कर्तव्य अधिकारी श्री व्हीके गौंड द्वारा जारी दिशा निर्देश पर आधारित आदेश में उल्लेख है कि सुगम विद्युत सुविधा योजना 2024 योजना अंतर्गत निहित शर्तो के अधीन अद्योसंरचना लागत राशि किश्तो में जमा की जा सकती है। उपरोक्त योजना दो वर्ष के लिए प्रभावशील रहेगी। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है।ह्य

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक - 2 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

ई मेल eephedep2bpl@mp.gov.in

क्र. 73,74,75,76,77,78, 79,80 / का.यं. / रा. परि. खण्ड - 2 / लोस्वायांवि/ दिनांक- 09.10.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्वति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि ( रु. लाख में ) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024-PHED 375294 | Replacement of 600 mm dia DI Pumping main sewer line near Gandhi Nagar Oxidation Pond under Sub Div-5, PHED, Bhopal | 8,05,795=00 | 16,116=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 2 | 2024-PHED 375295 | Cleaning and de silting work of Wet well, Grit PHED chamber and PTU Collection chamber at Banganga S. P. H. under Sub Div-6, Bhopal | 9,58,969=00 | 19,179=00 | 2,000=00 | 365 Days Including rainy season |
| 3 | 2024-PHED 375296 | Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line at E-4, Arera, colony, Section No. 1 Network Area Bhopal | 8,17,527=00 | 16,351=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 4 | 2024-PHED 375297 | Reconstruction of fully damaged manhole chambers i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line constructed under ADB project at Section 3 of Sub Division 5, Bhopal | 6,85,987=00 | 13,720=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 5 | 2024-PHED 375298 | De silting and Cleaning of manholes and sewer lines under BWL Project Section-4 Under Patra Sewage Network, Bhopal | 6,16,591=00 | 12,332=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 6 | 2024-PHED 375299 | Supply of Precast RCC Manhole Cover with frame for Capital Project Sub Division No 8 PHED Bhopal | 7,21,675=00 | 14,434=00 | 2,000=00 | 15 Days Including rainy season |
| 7 | 2024-PHED 375300 | Repairing of damaged manhole chamber i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line at part of Panchwati Colony Sewage Network under Sub division No. 05, Bhopal | 8,46,584-00 | 16,932=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 8 | 2024-PHED 375302 | Removing of weeds from facultative pond and Cleaning of Jungle ile. Uprooting of rank vegetation, grass, including surface dressing at Ekant Park Oxidation Pond, Bhopal | 8,90,164=00 | 17,803=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |

- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।
- निविदा संशोधन केवल वेबसाइट पर ही दर्शाया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
- निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 24.10.2024 है।

G-17597/24

**कार्यपालन यंत्री**
**राजधानी परियोजना खण्ड क्र.-2**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**



**ये भी जानिए...**

हार्वी ने बहन को देख कर पहली बार पांच साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया

जमैका के पूर्व फुटबॉलर आरोन लॉरेंस को मानते हैं अपना हीरो, आरोन ने 1998 विश्व कप में गोल दागा था

# हार से हार्वी के आंसू निकले

## 14 साल की उम्र में हार्वी का अंतरराष्ट्रीय पदार्पण

**नईदिल्ली, एजेंसी**

जिस उम्र में बच्चे स्कूल का होमवर्क करते हैं या दोस्तों के साथ वीडियो गेम्स खेलते हैं, उस उम्र में तुर्क एंड कैकोस आइसलैंड के 14 वर्षीय गोलकीपर सैमी हार्वी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच की तैयारी में जुटे थे। उन्होंने पिछले महीने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया, जो निराशाजनक रहा। कॉन्कॉफ नेशंस लीग में तुर्क एंड कैकोस आइसलैंड की टीम एंजुएला के खिलाफ 0-2 से हार गई। हार से हार्वी के आंसू निकल

### कोच ने कहा खुद को साबित करो

हार्वी ने कहा, कोच ने कहा कि रोने से कुछ नहीं होगा। अगले मैच के लिए तैयारी करो और खुद को साबित करो कि तुम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल सकते हो। उन्होंने मुझे प्रेरित किया। मैं फिर मैदान पर उतरने को बेताब हूं।

### दुनिया के सबसे युवा फुटबॉलर नहीं

हार्वी दुनिया के सबसे युवा अंतराष्ट्रीय फुटबॉलर नहीं हैं। उनसे पहले, तुर्क एंड कैकोस आइसलैंड के ही क्रिस्टोफर लुइसे और जीन लुइस 14 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर चुके थे। ये दोनों अभी 19 साल के हैं और राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। हार्वी और उनके साथी खिलाड़ियों के पास एंजुएला से बदला लेने का शानदार मौका है। हार्वी ने कहा, पूरी टीम पिछली हार का हिसाब चाहती है लेकिन इसके लिए हमें अपना सौ फीसदी देना होगा। मैं दुखी था कि पहला ही मैच हार गया सैमी हार्वी पदार्पण मैच में मिली हार के बाद रो पड़ा। हार्वी ने कहा, मैच के बाद मैं काफी दुखी था। मैं बहुत रोया क्योंकि मुझे अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन मेरे कोच ने मुझे संभाला और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# मेंस टी-20: भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से होगा

## 18 से शुरू होगा टूर्नामेंट, तिलक वर्मा इंडिया-ए के कप्तान होंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मेंस टी-20 इमर्जिंग एशिया कप के लिए तिलक वर्मा को इंडिया-ए का कप्तान बनाया गया है। तिलक वर्मा भारत के लिए चार वनडे और 16 टी-20 खेल चुके हैं। इंडिया-ए में उनके अलावा भारत से खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर को भी जगह दी गई हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत 18 अक्टूबर से होगी। आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन वाले खिला?ियों को भी टीम में दी गई है इमर्जिंग एशिया कप के लिए इंडिया-ए टीम में आईपीएल में प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष बदोनी, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, अनुज रावत और आर साईं किशोर को भी जगह दी गई हैं। बता दें लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी आयुष बदोनी ने आईपीएल के 14 मैचों में 29.38 की औसत से 171 रन बनाए थे। अपनी पारी में दो फिफ्टी भी लगाई थी। वहीं मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले नेहाल वढेरा ने 6 मैचों में 129.76 की स्ट्राइक रेट से 109 रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की बात करें तो उन्होंने आईपीएल में खेले 14 मैचों में 156.81 की स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए। उन्होंने 2 फिफ्टी भी लगाई।



### घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मिली जगह

घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों निशांत सिंधु के साथ-साथ तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और तेज गेंदबाज आकिब खान को भी मौका दिया गया है। इसके अलावा आईपीएल खेल चुके ऋतिक शौकिन और वैभव अरोड़ा को भी टीम में जगह दी गई हैं। पिछला फाइनल हारा था भारत भारत 19 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। इसके पिछले पांच सीजन वनडे फॉर्मेट में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका पहला सीनज अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफी जीतता आ रहा है। 2023 में पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में हराया था। इमर्जिंग टीम एशिया कप के लिए भारतीय टीम में तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, अनुज रावत, प्रभसिमरन सिंह, नेहाल वढेरा, अंशुल कम्बोज, ऋतिक शौकीन, आकिब खान, वैभव अरोड़ा, रसिख सलाम, साई किशोर, राहुल चाहर।

# सबालेंका और क्विनवेन के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

## वुहान ओपन टेनिस : गॉफ और वेंग को मिली शिकस्त



**वुहान (चीन). एजेंसी**

टॉप सीड आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां खेले जा रहे वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब खिताब के लिए उनका मुकाबला मेजबान चीन की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग से होगा।

**पलटवार कर जीता मैच:** महिला एकल के सेमीफाइनल में सबालेंका ने अमरीका की चौथी वरीय खिलाड़ी कोको गॉफ को कड़े मुकाबले में 1-6, 6-4, 6-4 से हराया। हालांकि सबालेंका पहला सेट हार गई थीं लेकिन उन्होंने जोरदार पलटवार कर मैच जीत लिया। महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल में चीन की 5वीं वरीय क्विनवेन झेंग ने हमवतन वेंग झिन को 6-3, 6-4 से मात दी।

टेबल टेनिस: दक्षिण कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे

# अयहिका और सुतीर्था पदक जीतने वाली पहली जोड़ी, अब जापानी जोड़ी से मुकाबला

**अस्ताना. एजेंसी**

भारत की सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका की महिला युगल जोड़ी ने यहां खेली जा रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। शुक्रवार रात भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरियाई जोड़ी को 3-1 से शिकस्त दी। इसके साथ ही भारतीय टीम ने पदक पक्का कर लिया, जो इस टूर्नामेंट के इतिहास में भारतीय महिला युगल जोड़ी का पहला पदक है। सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका की जोड़ी ने किम नायोंग और ली यून्हे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया और 10-12, 11-7, 11-9, 11-8 से जीत हासिल कर अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। भारतीय जोड़ी का सामना अब जापान से होगा।



# दीपक हुड्डा का शतक राजस्थान बढ़त की ओर

## रणजी ट्रॉफी मुकाबला

**जयपुर. एजेंसी**

कप्तान दीपक हुड्डा के नाबाद शतक से राजस्थान ने यहां खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले में पुड्डुचेरी के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। पुड्डुचेरी की टीम पहली पारी में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक राजस्थान ने छह विकेट पर 234 रन बना लिए थे और वह सिर्फ 14 रन पीछे है। स्टंप्स तक दीपक हुड्डा 12 चौकों के साथ 105 रन जबकि मानव सुथार आठ रन बनाकर डटे हुए थे। बता दें दीपक हुड्डा ने प्रथम श्रेणी करियर का 12वां शतक लगाया। हालांकि उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। वहीं हरियाणा ने बिहार को रणजी ट्रॉफी मैच के सिर्फ दूसरे दिन पारी और 43 रन से मात दी। ग्रुप-सी के मुकाबले में हरियाणा ने बिहार को पहली पारी में 78 और दूसरी पारी में 133 रन से मात दी। वहीं, हरियाणा ने पहली पारी में 254 रन बनाए थे।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# श्रद्धा ने किया रिलेशनशिप का खुलासा, बोलीं मुझे अपने साथी के साथ रहना पसंद है...

*श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने अपने रिश्ते की पुष्टि की और बताया कि उन्हें अपने साथी के साथ समय बिताना बहुत पसंद है। श्रद्धा ने अपनी शादी की योजनाओं के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारी साझा की...*

एक इंटरव्यू के दौरान श्रद्धा कपूर ने स्वीकार किया कि उनमें मीन राशि से संबंधित कुछ विशेषताएं हैं, विशेष रूप से प्रेम के पहलुओं के प्रति उनका लगाव, जिसे उन्होंने असाधारण बताया - उनका मानना है कि जब तक उनके पास उनका साथी है, उन्हें किसी और की आवश्यकता नहीं है। नाम लिए बिना, श्रद्धा ने अपने रिश्ते की पुष्टि की और कहा, मुझे अपने साथी के साथ समय बिताना और उसके साथ फिल्म देखना, डिनर पर जाना या सफर करना बहुत पसंद है। मैं आम तौर पर ऐसी इंसान हूं, जो एक साथ चीजें करने या यहां तक कि एक साथ कुछ नहीं करने में समय बिताना पसंद करती हूं।



### कई जगह दिखे श्रद्धा और राहुल

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी में विश्वास रखती हैं इस पर श्रद्धा ने कहा, यह शादी में विश्वास करने के बारे में नहीं है, बल्कि सही व्यक्ति होने और सही साथी के साथ होने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अगर कोई शादी करना चाहता है, तो यह बहुत बढ़िया है, लेकिन अगर वे शादी नहीं करना चाहते हैं, तो यह भी उतना ही सही भी है। श्रद्धा और राहुल मोदी को कई मौकों पर एक साथ देखे जाने के बाद डेटिंग की अटकलें शुरू हुई थीं, जिसमें मार्च 2024 में एक दोस्त की शादी में शामिल होना भी शामिल था। अफवाहें तब तेज हो गईं जब अभिनेत्री ने एक साथ छुट्टियों का आनंद लेते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं।

# साउथ सिनेमा में काम करना चाहते हैं शाहिद कपूर

हाल ही फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आने वाले अभिनेता शाहिद कपूर ने बताया कि उनकी दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने की तमन्ना है। हाल ही एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने बताया,'मैं दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे डर है कि अगर दक्षिण भारतीय दर्शक मेरी डायलॉग डिलीवरी से खुश नहीं हुए तो क्या होगा? मैं कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता, हिंदी पर तो मेरी अच्छी पकड़ है।' अभिनेता ने कहा, अगर कोई भी साउथ का फिल्ममेकर मुझ पर भरोसा कर सकता है, मुझे ठीक से समझा सकता है तो मैं उनके लिए काम करने को तैयार हूं।'

**अगले साल रिलीज होगी 'देवा':** शाहिद जल्द ही फिल्म 'देवा' में नजर आएंगे। इसमें उनके साथ पूजा हेगड़े हैं। रोशन एंड्रयूज निर्देशित इस फिल्म में शाहिद एक पुलिस वाले की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। यह एक एक्शन फिल्म है। 'देवा' में बहुत सारा एक्शन है। जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगा कि यह किसने किया। इसमें मेरा एग्रेसिव किरदार है।



# टर्किश एयरलाइंस पर भड़कीं तापसी पन्नू, बताया सबसे खराब अनुभव



अभिनेत्री तापसी पन्नू को आखिरी बार 'खेल खेल में' देखा गया था, जो अगस्त 2024 में रिलीज हुई थी और यह इतालवी फिल्म परफेक्ट स्ट्रेंजर्स से प्रेरित है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, एमी विर्क, फरदीन खान, वाणी कपूर, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल ने अभिनय किया था। अब अभिनेत्री एक बार फिर सुर्खियों में आ गईं। हाल ही में अभिनेत्री ने टर्किश एयरलाइंस के प्रति अपनी निराशा व्यक्त की। तापसी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सबसे खराब अनुभव टर्किश एयरलाइंस, आपके पास सबसे गैर-परवाह ग्राहक सेवा है या रुकिए, आपके पास खुद कोई ग्राहक देखभाल सेवा नहीं है। खासकर उन यात्रियों के लिए, जो आपकी देरी के कारण परेशान होते हैं। इसे खुद ही पता लगाना है। वाह, आपकी एयरलाइन समस्या के कारण 24 घंटे की देरी, यह पता लगाने के लिए यात्री की समस्या नहीं है।

**श्रुति हासन भी हो चुकी हैं परेशान:** तापसी उड़ान में होने वाली देरी से परेशान होने वाली पहली अभिनेत्री नहीं हैं। हाल ही में साउथ अभिनेत्री श्रुति हासन ने भी इस समस्या का सामना किया था। उन्होंने इस समस्या का अनुभव इंडिगो एयरलाइन के साथ किया था। श्रुति ने एक्स पर अपनी आपबीती साझा की और देरी की वजह से हुई अव्यवस्था के बारे में बात की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, अरे मैं आम तौर पर शिकायत करने वालों में से नहीं हूं, लेकिन इंडिगो आपने अव्यवस्था के मामले में वाकई बहुत बड़ी गलती कर दी, हम पिछले चार घंटों से एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं और हमें कोई जानकारी नहीं है।



**मेट्रो बाजार**

# देश के टॉप 100 अमीरों की कुल संपत्ति एक ट्रिलियन डॉलर के पार

**नई दिल्ली. दोपहर मेट्रो**

धनकुबेरों के लिए 2024 शानदार रहा है। फोर्ब्स के मुताबिक, भारत के सबसे अमीर लोगों की कुल संपत्ति बढ़कर 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी 92 लाख करोड़ रुपए हो गई है। वर्ष 2019 के मुकाबले देश के टॉप 100 अमीरों की संपत्ति दोगुनी हो गई है। पिछले 12 महीनों में उनकी संपत्ति 316 अरब डॉलर यानी 26.53 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। यानी एक साल में 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अरबपतियों की लिस्ट में 119.5 अरब डॉलर यानी 10.03 लाख करोड़ रुपए के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी टॉप पर हैं। वहीं गौतम अदाणी इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी इस साल सबसे ज्यादा डॉलर



अर्जित करने वाले व्यक्ति के रूप में उभरे हैं। अदाणी परिवार की कुल संपत्ति बढ़कर 116 बिलियन डॉलर यानी 9.74 लाख करोड़ रुपए हो गई है। इस साल अदाणी ने 48 अरब डॉलर यानी करीब लाख करोड़ रुपए कमाए हैं और उनकी नेटवर्थ 71 फीसदी बढ़ी है। वहीं मुकेश अंबानी की संपत्ति इस साल 27.5 अरब डॉलर यानी 2.30 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। उनके नेटवर्थ में 30 फीसदी इजाफा हुआ है। इस साल 58 अरबपतियों की संपत्ति में एक डॉलर या इससे ज्यादा बढ़ी है। फोर्ब्स लिस्ट में इस साल चार नए अरबपति

**फोर्ब्स की लिस्ट**

**5 साल में दोगुनी हुई भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति, 2024 में 40 फीसदी बढ़ी टॉप 100 अरबपतियों की नेटवर्थ, मुकेश अंबानी टॉप पर कायम**

**316 अरब डॉलर थी 2019 में देश के टॉप 100 अमीरों की संपत्ति जो 2024 में 1.1 लाख करोड़ डॉलर हो गई**

लिस्ट में शामिल हुए हैं, जिनमें हेटेरो लैब्स के संस्थापक बी पार्था सारथी रेड्डी 81वें स्थान पर हैं, जिनकी कुल संपत्ति 3.95 अरब डॉलर है। बायोलॉजिकल ई की प्रमुख महिमा दतला 100वें स्थान पर हैं, जिनकी संपत्ति 3.3 अरब डॉलर है। शाही एक्सपोर्ट्स के हरीश आहूजा और प्रीमियर एनर्जी के सुरेंदर सलूजा भी नए अरबपतियों में शामिल हैं।

# रिपोर्ट: 6 महीने में हुए 79 अरब ट्रांजेक्शन पहली छमाही में 52 फीसदी बढ़ा यूपीआई से पेमेंट

**मुंबई, एजेंसी।** यूपीआइ के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या वर्ष 2024 की पहली छमाही यानी जनवरी से जून के बीच सालाना आधार पर 52 फीसदी बढ़कर 78.97 अरब हो गई। फिनटेक प्लेटफॉर्म वर्ल्डलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी, 2023 में 12.98 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन यूपीआइ के जरिए हुआ था जो जून, 2024 में बढ़कर 20.07 लाख करोड़ रुपए हो गया। वहीं लेनदेन की संख्या वर्ष 2023 की पहली छमाही में 51.9 अरब थी जो इस साल की समान अवधि में 78.97 अरब हो गई। इस दौरान यूपीआइ लेनदेन का मूल्य 40 फीसदी बढ़ा और यह 2023 की पहली छमाही के 83.16 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 की पहली छमाही में 116.63 लाख करोड़ रुपए हो गया। वर्ल्ड लाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआइ लेनदेन की संख्या और मूल्य दोनों के लिहाज से फोनपे अग्रणी यूपीआइ मंच के तौर पर सामने आया।

## स्कूल की बाउंड्री वॉल फांदकर भागने के मामला

# प्राचार्य-उपप्राचार्य को हटाने के बाद अब अन्य स्टाफ पर भी हो सकती है कार्यवाही


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के मुगालिया छाप स्थित शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय के 9वीं से 12वीं के करीब 100 छात्रों द्वारा बीते गुरुवार रात बाउंड्री वॉल फांदकर भागने के मामले में स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले में विद्यालय के प्राचार्य और उप प्राचार्य को हटा दिया गया है। इसके साथ ही अब शिक्षकों और अन्य स्टाफ की भूमिका भी इसमें तलाशी जा रही है। मामले की उच्च स्तरीय जांच की बात कही जा रही है। इस घटना में जो शिक्षक या स्टाफ शामिल होगा, उसको हटाने के साथ कार्रवाई की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि श्रमोदय आवासीय विद्यालय में सुरक्षा तगड़ी है। यहां गनमैन, सिक्योरिटी गार्ड और शिक्षक मौजूद रहते हैं। इतनी हाई सिक्योरिटी के बीच इन बच्चों का बाउंड्रीवॉल फांदकर भाग जाना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। यह छात्र पूर्व प्राचार्य विजय कुमार महोबिया को वापस बुलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने जा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने रात करीब दो बजे स्कूल से करीब 4 किमी दूर इन बच्चों को मिलेनियम कॉलेज के पास रोककर समझाइश दी और वापस स्कूल पहुंचा दिया था।

# छत से गिरकर तीन साल की मासूम की मौत

## निशातपुरा स्थित जनता कॉलोनी में हुआ हादसा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित जनता कॉलोनी फेस थ्री में रविवार दोपहर छत पर खेल रही तीन साल की बच्ची अचानक नीचे गिर गई। परिजन उसे इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान रात करीब आठ बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार जनता क्वार्टर फेस-थ्री निवासी फहीम उद्दीन प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी तीन साल की बेटा हैरा दोपहर में छत पर खेल रही थी। तीन बजे के आसपास खेलते खेलते वह छत से नीचे गिर गई। उसे गंभीर चोट आई थी। वे हैरा को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां से डॉक्टर ने एम्स ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे। एम्स में इलाज के दौरान रात करीब आठ बजे उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने बताया कि छत से गिरने के कारण हैरा को सिर में गंभीर चोट थी।

# कमरे का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

## अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहजहांनाबाद स्थित नेवरी मंदिर परिसर में एक कमरे का का ताला तोड़कर चोर जेवरात और नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गौरव मिश्रा (21) मूलतः सिरमौर जिला रीवा का रहने वाला है। फिलहाल वह नेवरी मंदिर परिसर में रहता है और पंडिताई करता है। उसका एक भाई कुबेरेश्वर धाम सीहोर में पंडिताई का काम करता है। पिछले दिनों वह भाई के पास गया था, जहां भाई ने उसे कुछ रुपये बैंक में जमा करने के लिए दिए थे। वापस लौटने पर गौरव ने उक्त रुपये अपने कमरे की अलमारी में रख दिए।

अलमारी में उसके दोस्त के सोने के ब्रेसलेट और अंगूठियां भी रखी हुई थी। शुक्रवार को दोपहर तक पूरा सामान ठीक रखा हुआ था। दोपहर करीब ढाई बजे गौरव कमरे में ताला लगाकर पूजा-पाठ करने के लिए रत्नागिरी चला गया। रात करीब नौ बजे उसका दोस्त आशुतोष कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। उसने गौरव को फोन लगाया तो उसने बताया कि वह कमरे पर नहीं है। उसके बाद आशुतोष ने पीछे जाकर देखा तो पिछला दरवाजा खुला हुआ था।

### दशहरा देखने पहुंचे युवक की स्कूटर चोरी

टीटी नगर इलाके में दशहरा देखने पहुंचे एक युवक की स्कूटर चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक आलोक जैन शनिवार की शाम को टीटी नगर दशहरा मैदान पहुंचे थे। कार्यक्रम देखने के बाद वह बाहर निकले तो उनकी स्कूटर चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार बाटा शोरूम के सामने से गणेश प्रसाद सोनी, भेल गेट के सामने पिपलानी से दरबार सिंह राजपूत और काली मंदिर के सामने से मंशाराम पवार की बाइक चोरी चली गई। इसी थाना क्षेत्र में विवेकानंद स्कूल के सामने से कंचन सिंह राजपूत और सहकारी परिसर कल्पना नगर से प्रियम सिंह की बाइक चोरी हो गई।

## 2 लाख के नकली नोट जब्त, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी क्राइम ब्रांच

# नकली नोट छापने का झांसा देकर 5.60 लाख की धोखाधड़ी, 2 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

क्राइम ब्रांच ने नकली नोट छापने का लालच देकर एक युवक से 5.60 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ठगी के 80 हजार रुए की नगदी और 2 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए है। इसके अलावा उनके पास से नकली नोट बनाने में इस्तेमाल कागज समेत अन्य सामान जब्त किया गया। क्राइम ब्रांच की टीम उक्त मामले में दो आरोपी फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार राजकुमार मेहरा (35) निवासी ग्राम परेवाखेड़ा थाना ईंटखेड़ी में रहते हैं। उन्होंने क्राइम ब्रांच में शिकाय करते हुए बताया कि करीब 15 दिन पहले भोपाल मेमोरियल अस्पताल के परिचित उस्मान मिला था। उसने बताया कि विश्वकर्मा नगर में रहने वाले कुछ लोग मिले हैं, जो कांच की प्लेट और केमिकल की मदद से असली जैसे नकली नोट बनाते हैं। उसने यह भी जानकारी दी कि नोट बनाने वाले कागज का बंडल 2 लाख 60 हजार रुपए में आता है और छपाई वाली स्याही 7 लाख में मिलती है। इससे 100 और 500 रुपए के कुल 20 लाख रुपए छापे जा सकते हैं।

### पहले लिए 2 लाख 60 हजार

उस्मान की बातों में आकर वह उसके साथ मित्तल कालेज के पास एक फ्लैट पर पहुंचा। वहां तीन लोगों से मुलाकात की। फ्लैट पर राजकुमार को शेरू खान उर्फ राजकुमार पटेल, रियाज अली और आरिफ उर्फ बाबू मिले। उन्होंने अपने बैग से कांच की प्लेट, कागज के बंडल, स्याही और अन्य सामान निकालकर दिखाया। इसके बाद 100 रुपए के 9 नोट बनाकर राजकुमार को दिए। उन्होंने कहा बाजार में जाकर खर्च कर लो। राजकुमार नोट लेकर पेट्रोल पंप गया और वहां पेट्रोल डलवाया, कुछ रुपए से फ्रूट खरीद लिए। विश्वास होने पर राजकुमार दौबारा फ्लैट पर पहुंचा। तीनों ने उसे बताया कि कागज खरीदने के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए लगेंगे, जबकि स्याही उनके पास है, जिससे करीब 15 लाख रुपए के नोट छापे जा सकते हैं। राजकुमार ने अगले दिन रुपए दे दिए।





### प्लॉट बेचकर दी रकम

आरोपियों ने राजकुमार को दो दिन बाद फ्लैट पर बुलाया। राजकुमार दो दिन बाद पहुंचा तो वहां 18 हजार रुपए के नोट छप चुके थे। इसी दौरान बताया कि नोट छापने के दौरान स्याही गिर गई है। बिना स्याही के नोट नहीं बन सकेंगे। उन्होंने 7 लाख रुपए में मिलने वाली स्याही के लिए 4 लाख रुपए मांगे और कहा कि बाकी के 3 लाख रुपए उधार कर देंगे। राजकुमार ने प्लाट बेचने से मिले 3 लाख रुपए उन्हें दे दिए। जिसके बाद सभी लोग फरार है। रविवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी आरिफ अली उर्फ बाबू (39) निवासी भानपुर छोला रोड और रियाज अली (52) निवासी जनता क्वार्टर निशातपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से अस्सी हजार रुपए नगद और 5 सौ रुपए के नकली नोटों की चार गड्डी नोट बनाने वाली कांच की प्लेट, कागज के टुकडे, स्याही, प्रेस आदि सामान जब्त किया है।

### किराएदार के साथ युवक ने की मारपीट

स्टेशन बजरिया इलाके में एक युवक ने अपने किराएदार के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार रोहन सिंह ठाकुर (32) मूलतः दमोह का रहने वाला है। फिलहाल वह गरमगड्ढा बजरिया में बाबूभाई के मकान में किराए से रहता है और इब्राहिमपुरा में एक देयरी पर काम करता है। शनिवार की रात करीब सवा नौ बजे रोहन अस्सी फीट रोड से झांकी देखकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में मकान मालिक का बेटा टिल्लू मिला। उसने रोहन से किराया देने की मांग की। रोहन ने बोला कि वह उसके पिता को ही किराया देगा, इस पर टिल्लू ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। उठाकर पटकने से रोहन के सिर में गंभीर चोट आई है। आसपास के लोगों ने किसी ने किसी तरह बीच-बचाव किया। बाद में रोहन ने थाने जाकर टिल्लू के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

### पत्नी गई मायके पति ने लगाई फांसी

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित रतुआ गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। एक दिन पहले ही उसकी पत्नी मायके गई थी। रविवार सुबह उसके मामा ने उसकी लाश फंदे पर देखकर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अजय अहिरवार पिता स्वर्गीय नारायण अहिरवार (28) ग्राम रतुआ में रहता था। अजय मेहनत मजदूरी करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो मासूम बच्चियां है। अजय की पत्नी बच्चियों को लेकर शनिवार को अपने मायके चली गई थी। उसने अजय को शनिवार रात में कॉल किया, लेकिन उसने कॉल अटैंड नहीं किया।

# रेलवे स्टेशन के फुटपाथ पर सो रहे युवक के सिर पर दे मारा पत्थर, हालत गंभीर

### अज्ञात आरोपी को नहीं जानता फरियादी, पता नहीं क्यों किया हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-6 की ओर पार्किंग के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश ने फुटपाथ पर सो रहे ह माल के सिर पर बड़ा सा पत्थर दे मारा। गंभीर हालत में उसे हमीदिया अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है।

फिलहाल वह बेहोश है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानलेवा हमला करने के बाद अज्ञात आरोपी फरार हो गया। हनुमानगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रधान आरक्षक जगदीश दांगी ने बताया कि खिलान सिंह (46) ह माली करता है और प्लेटफार्म क्रमांक-6 के पास दोपहिया वाहन की पार्किंग के पास फुटपाथ पर रहता है। विगत 12-13 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब तीन बजे वह फुटपाथ पर सो रहा था।

उसी दौरान आहट होने पर उसकी नींद खुल गई। उसने देखा कि कोई अज्ञात व्यक्ति खड़ा है। अचानक उसने जमीन पर पड़ा बड़ा साथ पत्थर उठा लिया और देखते ही देखते खिलान सिंह के सिर पर दे मारा।

### घर से लापता बुजुर्ग महिला की तलाश

**भोपाल।** निशातपुरा इलाके में घर से लापता हुई एक बुजुर्ग महिला का दस दिन बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र कुशवाह ब्रज कालोनी करोंद में रहते हैं और फोटोग्राफी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी मां गुल्लोबाई कुशवाह (70) मकान में अलग रहती हैं और भोजन-पानी की खुद ही बनाती हैं। बीती तीन अक्टूबर की सुबह करीब दस बजे गुल्लोबाई एक बैग में कपडे लेकर बिना बताए कहीं चली गई। कुछ समय बाद धर्मेंद्र ने उन्हें फोन लगाया तो वह कवरेज एरिया से बाहर बताने लगा। आसपास और नाते रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी जब मां का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसके बाद से परिजन और पुलिस बुजुर्ग महिला की तलाश कर रही है।

# डायल 100 ने रास्ता भटके बालक को पहुंचाया घर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांधी नगर इलाके में शनिवार-रविवार की रात रास्ता भटके एक बालक को डायल 100 ने सकुशल घर पहुंचाया। वह झांकी देखने के लिए घर से निकला था और रास्ता भटक गया। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात करीब एक बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि गांधी नगर इलाके में एक 7 साल का बच्चा मिला है, जो अपने घर का रास्ता भटक गया। सूचना के बाद इलाके में तैनात एफआरवी को मौके पर भेजा गया। एफआरवी पर तैनात एएसआई चंद्रभान सिंह और पायलेट भरत सिंह ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को संरक्षण में लिया। उसके बाद परिजन के बारे में पता लगाकर उसे सकुशल सौंप दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि बच्चा झांकी देखने के लिए घर से निकला था। तभी रास्ता भटक कर दूसरे इलाके में पहुंच गया था। पुलिस ने परिजन को बच्चे की ठीक से देखभाल करने की हिदायत दी है।



**मेट्रो एंकर**

## 29 अपराधियों की 115 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

# 22 महीनों में 6161 प्रकरण, 7886 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के व्यापार के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। जनवरी 2023 से आज दिनांक तक 22 महीने में राज्य में 6161 प्रकरणों में अवैध मादक पदार्थ के व्यापार में संलिप्त 7886 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अंतर्गत ऐसी गतिविधियों में शामिल अपराधियों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित संपत्तियों को जब्त, फ्रीज किया गया है। पूरे प्रदेश में 29 अपराधियों के खिलाफ 115 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त, फ्रीज की गई है। सर्वाधिक कार्यवाही मंदसौर एवं नीमच में की गई, जहां के 23 कुख्यात अपराधियों की संपत्ती जब्त, फ्रीज की गई है।

इन अपराधियों में नाहरगढ़ के धनराज उर्फ धन्ना की 14 करोड़, नारायणगढ के श्याम सिंह 10 करोड़, मनसा के पीयूष बंजारा की 10 करोड़, सीतामाऊ के अशोक पाटीदार की 8 करोड़ तथा अफजलपुर के ताहिर की 3 करोड़ से अधिक की संपत्ति उल्लेखनीय है। नशा कारोबारियों को भेजा जेल पीट यानी अवैध मादक पदार्थ व्यापार की रोकथाम अधिनियम उन गंभीर नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों पर लगाया जाता है, जो लगातार उस अपराध में शामिल पाए जाते हैं। यह एक्ट लगने के बाद अपराधी को छह माह तक जमानत नहीं मिल पाती है। इस अधिनियम के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में की गई कार्यवाही पूर्व में की गई कार्रवाई से कई गुना अधिक है।

इसके अंतर्गत 1 जनवरी 2023 से अभी तक कुल 74 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इसमें इंदौर के 43, मंदसौर एवं उज्जैन के 5-5 तथा नीमच एवं रतलाम के 4-4 अपराधी शामिल हैं। कारोबारियों का गठजोड़ ध्वस्त करने के निर्देश अवैध मादक पदार्थों के पंजीबद्ध प्रकरणों में पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया गया है कि अत्यधिक मात्रा में जप्त अवैध मादक पदार्थ के टॉप टू बाटम आरोपियों के लिंक और नेटवर्क को ट्रैक कर, मूवमेंट की जानकारी एकत्र कर उनके गठजोड़ का पता लगाकर उनको समूल नष्ट करना है।

### नशा कारोबार को नेस्तनाबूद करने पुलिस की मुहिम



### वायब्रेटर मशीन से लगा करंट, मजदूर की मौत

**भोपाल।** परवलियस सड़क थाना क्षेत्र स्थित मुबारकपुर जोड़ के पास मुस्कान ढाबा के पीछे चल रहे सड़क निर्माण में एक मजदूर की मौत हो गई। दरअसल, वह वायब्रेटर मशीन से मिक्सर द्वारा डाले गई कांक्रीट को लेवल कर रहा था, तभी मशीन के कटे हुए तार से उसे करंट लग गई। साथी मजदूर उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आकाश अहिरवार पिता संतोष अहिरवार (20) करोंदा, रायसेन का था। मुबारकपुर में मुस्कान ढाबा के पीछे बन रही सीसी सड़क पर वह मजदूरी कर रहा था।

### मामला: फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित कोटरा में रविवार रात एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि अभी परिजन के बयान नहीं हो सके हैं। परिजन के बयान दर्ज होने के बाद आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार धीरज साहू पिता सतेंद्र साहू (22) कोटरा, थाना कमला नगर इलाके में रहता?था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार रात धीरज ने अपने कमरे में फांसी लगा ली।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022